Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 10 | शुक्रवार, 10 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## समलैंगिक विवाह पर दाखिल समीक्षा याचिकाएं खारिज



**नई दिल्ली।** विवाह की कानूनी मान्यता से इन्कार पर पुनर्विचार की उम्मीद लगाए बैठे समलैंगिक जोड़ों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी निराशा हाथ लगी है। सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता की मांग ठुकराने वाले फैसले पर गुरुवार को एक फिर से मुहर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 17 अक्टूबर 2023 के फैसले पर पुनर्विचार से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें फैसले मे कोई भी कानूनी खामी नजर नहीं आती, इसलिए उस फैसले में दखल देने की कोई जरूरत नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला शीर्ष अदालत ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग ठुकराने वाले फैसले के खिलाफ दाखिल सभी पुनर्विचार याचिकाएं खारिज कर दीं। इसके साथ ही कोर्ट ने पुनर्विचार याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई की मांग भी ठुकरा दी। ये फैसला गुरुवार को न्यायमूर्ति बीआर गवई, सूर्यकांत, बी.वी. नागरत्ना, पीएस नरसिम्हा और दीपांकर दत्ता की पीठ ने 2023 के फैसले के खिलाफ दाखिल पुनर्विचार याचिकाएं खारिज करते हुए दिया। पीठ ने तय नियमों के मुताबिक पुनर्विचार याचिकाओं पर चैंबर में विचार किया।

हालांकि याचिकाओं में खुली अदालत में सुनवाई का भी अनुरोध किया गया था, लेकिन कोर्ट ने इसे ठुकरा दिया। 2023 को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने दिए फैसले में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग ठुकराते हुए कहा था कि अदालत कानून नहीं बना सकती। अदालत सिर्फ कानून की व्याख्या कर सकती है। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि विवाह का मौलिक अधिकार नहीं है। हालांकि कोर्ट ने समलैंगिक जोड़ों की रोजमर्रा की जिंदगी आसान और सुविधाजनक बनाने के लिए केंद्र सरकार को उच्च स्तरीय समिति गठित कर खाते में नामिनी, सेवानिवृत्ति लाभ आदि के मुद्दे पर विचार करने को कहा था।

## बदलता रुखः तालिबान का भारत को सहयोगी बताना कूटनीतिक रूप से जरूरी



**नई दिल्ली।**

पाकिस्तान के साथ तल्ख रिश्तों, ईरान के कमजोर पड़ने, रूस-यूक्रेन जंग और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी समेत विभिन्न कारणों से बदले भू-राजनीतिक परिदृश्य में अफगानिस्तान अपनी भौगोलिक स्थिति के लिहाज से बेहद अहम हो गया है। भारत को अपना सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सहयोगी बताने और उसकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने के तालिबान सरकार का बयान कूटनीतिक रूप से बेहद अहम है। खासकर चीन-पाकिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकियों को देखते हुए। अफगानिस्तान के बदले रवैये को भारत की कामयाबी के रूप में देखा जा रहा है। वैसे भी भू-राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव के बीच अफगानिस्तान का साथ भारत के लिए अहम हो गया है। पाकिस्तान के साथ तल्ख रिश्तों, ईरान के कमजोर पड़ने, रूस-यूक्रेन जंग और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी समेत विभिन्न कारणों से बदले भू-राजनीतिक परिदृश्य में अफगानिस्तान अपनी भौगोलिक स्थिति के लिहाज से बेहद अहम हो गया है।

## हिंदू धार्मिक स्थलों पर मस्जिदों का निर्माण घाव

# सीएम योगी बोले- सर्जरी एक बार होगी और उसके लिए हमें तैयार रहना होगा

**नई दिल्ली।**



योगी ने साफ तौर पर कहा कि सर्जरी एक बार होगी और उस सर्जरी के लिए हमें तैयार रहना होगा। सनातन धर्म के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए, योगी ने प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों का हवाला देते हुए इसे दुनिया का सबसे पुराना विश्वास होने का दावा किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल में शाही जामा मस्जिद विवाद को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। इसके साथ ही उन्होंने अदालत के आदेश वाले सर्वेक्षण का जोरदार बचाव किया, ताकि दावों का पता लगाया जा सके कि मस्जिद एक हिंदू मंदिर के ऊपर बनाई गई थी। उन्होंने मस्जिद निर्माण के लिए हिंदू धार्मिक स्थलों पर कब्जे को एक घाव बताया और दावा किया कि इसकी सर्जरी की आवश्यकता है नहीं तो यह कैंसर में बदल सकती है। नवंबर में 16वीं सदी की मस्जिद के सर्वेक्षण के कारण संभल में हिंसक झड़पें हुईं। पाँच लोग मारे गए और लगभग 20 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। योगी ने कहा कि मैं किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं हूं और उस जगह का सम्मान करता हूं जहां लंबे समय से प्रार्थनाएं होती रही हैं।' लेकिन अगर किसी समुदाय का प्रार्थना स्थल टूट जाता है तो इसकी कड़ी आलोचना की जानी चाहिए। देखिए कैसे संभल का इस्लामीकरण कर दिया गया है। हमारे धर्म के सभी चिन्हों को नष्ट कर दिया गया है, ढक दिया गया है और ठोस बना दिया गया है। 2017 से पहले वहां लगातार दंगे हुए। योगी ने साफ तौर पर कहा कि सर्जरी एक बार होगी और उस सर्जरी के लिए हमें तैयार रहना होगा। सनातन धर्म के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए, योगी ने प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों का हवाला देते हुए इसे दुनिया का सबसे पुराना विश्वास होने का दावा किया। उन्होंने बताया कि हजारों साल पहले लिखे गए हिंदू साहित्य में विष्णु के दसवें अवतार कल्कि के भविष्य के अवतार का उल्लेख किया गया है। जिसने समय-समय पर देश को नेतृत्व दिया, नई दिशा दी और आगे बढ़ने के लिए एक नई प्रेरणा प्रदान की।

**भारत का ऋषि सदैव ज्ञान की उस धारा का प्रतिनिधित्व करता रहा है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सनातन' तो हमेशा शिखर पर ही रहा है, इसलिए सनातन है...हिंदू एकता और राष्ट्रीय एकता एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह 'वक्फ बोर्ड' है या भू-माफियाओं का बोर्ड है। एक-एक इंच लैंड वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि जिन्होंने श्री अयोध्या धाम के वासियों के साथ सौतेला व्यवहार किया है, उनको नैतिक रूप से वहां जाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मूल संविधान में कहीं भी 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द नहीं हैं। संविधान का गला घोटकर जो शब्द डाले गए हों, वे भारत के संविधान की आत्मा कैसे हो सकते हैं?

## मेरठ में दंपती और तीन बेटियों की गला काटकर हत्या, बेड के बॉक्स में लहूलुहान मिले पांचों शव



**मेरठ।** मेरठ के लिसाड़ीगेट थानाक्षेत्र स्थित सुहेल गार्डन में बृहस्पतिवार शाम पांच लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। वारदात की गूंज मेरठ के साथ लखनऊ तक पहुंच गई है। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

लिसाड़ीगेट के सुहेल गार्डन में राजमिस्त्री मोइन उर्फ मोइनुद्दीन (52), पत्नी आसमां (45) और उनकी तीन बेटियों अस्सा (8), अजीजा (4) और अबीबा (1) की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार रात 9:30 बजे पड़ोसी इमरान उनके घर पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर उसकी चीख निकल गई। एक बेड में दंपती और दूसरे बेड में तीनों बेटियों के शव मिले। जानकारी लगते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए। देर रात तक हत्यारों की तलाश की जा रही थी। एसएसपी विपिन ताडा ने बताया कि मोइनुद्दीन डेढ़ महीने पहले परिवार के साथ सुहेल गार्डन में आए थे। 30 गज का मकान किराए पर लिया। मकान के बराबर में प्लॉट खरीदकर वो अपने मकान का निर्माण करा रहे थे। दो दिन से निमार्णाधीन मकान पर मोइनुद्दीन और उसका परिवार नहीं दिखाई दे रहा था। आसपास के लोगों में परिवार के लापता होने की चर्चा बृहस्पतिवार को तेजी से चली। इसके चलते ही रात में पड़ोसी मोइनुद्दीन के किराए वाले घर में घुसकर देखने लगा, जहां पर लहूलुहान हालत में दंपती और उनकी तीनों बेटियों के शव बेड के बॉक्स में पड़े थे। परिवार के पांच लोगों की हत्या का पता लगते ही आसपास के सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। पुलिस में हड़कंप मचा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस अमला दौड़कर मौके पर पहुंचा।

## लॉस एंजिलिस के जंगलों में आग का तांडव जारी



**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में कई दिशाओं से फैल रही जंगल की भयानक आग ने गुरुवार को अमेरिकी फिल्म उद्योग के प्रतीकात्मक केंद्र हॉलीवुड हिल्स के करीब पहुंच गई। आग पर अभी भी काबू नहीं पाया जा सका है और सैकड़ों दमकलकर्मी इसे बुझाने में जुटे हुए हैं। आग से पांच लोगों की मौत हो गई है और 1.3 लाख से अधिक लोगों को दूसरे स्थानों पर जाने का आदेश दिया गया है।

आग से अब तक 52 से 57 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है। आग से बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, कैरी एल्वेस और पेरिस हिल्टन समेत विभिन्न हस्तियों के घरों समेत एक हजार इमारतें जलकर राख हो गई हैं। प्रशांत तट से लेकर पासाडेना तक शहर तबाह हो गया है। इस आग को लॉस एंजिलिस के इतिहास में सबसे विनाशकारी बताया जा रहा है। गुरुवार सुबह लॉस एंजिलिस काउंटी में पांच अलग-अलग स्थानों पर आग फैली हुई थी।

## साधु-संतों के शिविरों में सीएम योगी ने परखे इंतजाम

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सुव्यवस्थित आयोजन का एक वैश्विक मानक बनने जा रहा है। महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता पूज्य संतों से ही है।

राज्य सरकार और मेला प्रशासन संतगणों की सभी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रयागराज महाकुम्भ को सनातन के ध्वजवाहक सभी 13 अखाड़ों का आशीर्वाद प्राप्त है। खाक-चौक परंपरा, दंडीबाड़ा, आचार्यबाड़ा परंपरा तथा तीर्थ पुरोहितों की शुभकामनाएं भी हमारे साथ हैं। ऐसे में यह सुव्यवस्थित आयोजन का एक वैश्विक मानक बनने जा रहा है। उन्होंने कहा है कि महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता पूज्य संतों से ही है। राज्य सरकार और मेला प्रशासन संतगणों की सभी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मानव सभ्यता और सनातन संस्कृति के सबसे बड़े वैश्विक सम्मेलन महाकुम्भ की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को प्रयागराज के दौरे पर थे।

## इसरो रचेगा इतिहास

# आज हो सकता है 'स्पैडेक्स' प्रयोग करीब आ रहे दोनों अंतरिक्षयान

**बेंगलुरु।**



इसरो ने गुरुवार को कहा कि महत्वाकांक्षी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पैडेक्स) के दोनों अंतरिक्षयान धीरे- धीरे एक दूसरे के करीब आ रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो शुक्रवार को डॉकिंग प्रक्रिया शुरू हो सकती है। हालांकि इसरो ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

'स्पैडेक्स' मिशन के तहत भारत अंतरिक्ष यान को 'डॉक' और 'अनडॉक' करने की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। इस सफलता के साथ ही भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद अंतरिक्ष 'डॉकिंग' प्रौद्योगिकी में सक्षम दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। डॉकिंग के लिए दोनों अंतरिक्षयानों को 225 मीटर तक की दूरी तक लाना है, लेकिन इस कोशिश के दौरान के दौरान तकनीकी समस्या के कारण डॉकिंग प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। इसरो को डॉकिंग प्रक्रिया को दो बार स्थगित करना पड़ा है। पहले यह प्रक्रिया सात जनवरी को होनी थी। इसे पहले नौ जनवरी तक टाला गया गया था। नौ को भी यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इसरो ने बयान में कहा, 'स्पैडेक्स' डॉकिंग अपडेटः ड्रिफ्ट को रोक दिया गया है। अंतरिक्ष यान को एक दूसरे के करीब जाने के लिए धीमी गति से बढ़ रहे है। एक अंतरिक्षयान से दूसरे अंतरिक्षयान के जुड़ने को डॉकिंग और अंतरिक्ष में जुड़े दो यानों के अलग होने को अनडॉकिंग कहते हैं। यह प्रौद्योगिकी भारत के महत्वाकांक्षी मिशनों जैसे चंद्रमा से नमूने वापस लाने, भारतीय अंतरिक्ष केंद्र के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी सी60 राकेट की मदद से एसडीएक्स01 (चेजर) और एसडीएक्स02 (टारगेट) नामक दो उपग्रहों को इस मिशन के तहत प्रक्षेपित किया था।

बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से नमी लेकर हवाएं भी आने वाली हैं

# शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत



**नई दिल्ली।** एक-दो दिन में ही मौसम में फिर बड़ा बदलाव आने वाला है। उत्तर भारत में तापमान में हल्की वृद्धि के बाद फिर गिरावट होने जा रही है। इस महीने का तीसरा बड़ा पश्चिमी विक्षोभ शुक्रवार को पहाड़ों पर पहुंचने वाला है। इसी दौरान बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से नमी लेकर हवाएं भी आने वाली हैं।

दोनों तरह की हवाएं मैदानी क्षेत्र में संघनित होंगी, जिसके असर से अगले एक-दो दिनों के भीतर उत्तर भारत के बड़े क्षेत्र में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। राजस्थान में इसका असर तो दिखने भी लगा है। वहां चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बन चुका है, जो धीरे-धीरे दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश की ओर खिसक रहा है। भारत मौसम विभाग (आइएमडी) ने चक्रवातीय हवा के रूप में पश्चिमी विक्षोभ के असर से 11-12 जनवरी को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। उसके असर से मैदानी क्षेत्रों में हवा की दिशा में परिवर्तन होगा। इस दौरान उत्तरी-पश्चिमी हिस्से में छिटपुट वर्षा हो सकती है। आइएमडी के अनुसार 11 जनवरी को हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर गरज के साथ बारिश होगी। साथ ही दक्षिण हरियाणा एवं राजस्थान के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं।

## संपादक की कलम से

### बस्तर में नश्तर

छत्तीसगढ़ के माओवादी हिंसा से ग्रस्त बस्तर के इलाके में पत्रकारिता करना तलवार की धार पर चलने जैसा ही है क्योंकि उन्हें न केवल माओवादियों व पुलिस प्रशासन के कोप का भाजन बनना पड़ता है, बल्कि अपराधी राजनेताओं व ठेकेदारों की हिंसा का भी शिकार होना पड़ता है। इसी कड़ी में टीवी पत्रकार मुकेश चंद्राकर की क्रूरता से हत्या करने और शव को सेप्टिक टैंक में डालने की वीभत्स घटना सामने आई। हत्या की वजह मुकेश द्वारा माओवादी इलाके में एक सड़क निर्माण में धांधली उजागर करना बताया गया है। खबर बीते साल दिल्ली के एक बड़े चैनल से प्रसारित हुई थी, जिसके बाद राज्य सरकार ने इस मामले में जांच बैठाई थी। मुकेश की हत्या नये साल के पहले दिन की गई और तीन जनवरी को ठेकेदार द्वारा बनाये घरों के पुराने सेप्टिक टैंक से मुकेश का शव बरामद किया गया। बाद में मुख्य आरोपी सुरेश चंद्राकर को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। दरअसल, ठेकेदार से राजनेता बने सुरेश चंद्राकर कांग्रेस के एक प्रकोष्ठ में राज्य स्तरीय पदाधिकारी रहे हैं। कहते हैं कि पिछले महाराष्ट्र चुनाव में वे एक विधानसभा के पर्यवेक्षक भी रहे हैं। जिसके चलते इस मुद्दे पर जमकर राजनीति हुई। एक ओर बीजेपी ने हत्यारे पर कांग्रेस पार्टी से जुड़े होने का आरोप लगाया तो कांग्रेस ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर दोनों तरफ से खूब बयानबाजी हुई। लेकिन इसके बावजूद एक हकीकत यह है कि पत्रकारों को केवल माओवादियों व सुरक्षाबलों के गुस्से का ही शिकार नहीं होना पड़ता, उन्हें ठेकेदारों, राजनेताओं व अन्य अपराधी तत्वों की हिंसा का भी शिकार होना पड़ता है। उन्हें निर्भीक पत्रकारिता की कीमत जान देकर चुकानी पड़ती है। कहने को तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कह रहे हैं कि वे स्थिति से परिचित हैं और पत्रकारों के साथ खड़े हैं। लेकिन व्यवहार में पत्रकारों की सुरक्षा राम भरोसे ही है। उल्लेखनीय है कि ठेकेदार की क्रूरता का शिकार हुए मुकेश को पहले माओवादियों ने पुलिस– सरकार का आदमी बताकर धमकाया था। परिजनों का आरोप है कि माओवादियों की धमकी भरी चिट्ठी से पहले सुरक्षा बलों ने मुकेश समेत कुछ अन्य पत्रकारों पर बंदूक तानकर धमकाया था। जिसकी रिपोर्ट भी मुकेश ने बनायी थी। इससे कुछ माह पूर्व बीजापुर के एसडीएम ने मुकेश समेत कुछ पत्रकारों को माओवादी हिंसा की खबर प्रकाशित करने पर नोटिस देकर जवाब मांगा था। वहीं बीजापुर में कांग्रेस अध्यक्ष ने खबरों में पक्षपात के आरोप लगाकर मुकेश समेत कुछ पत्रकारों का बहिष्कार पत्र जारी किया था। घटनाक्रम का दुखद पहलू यह है कि मुकेश की हत्या माओवादियों, सुरक्षा बल या किसी राजनीतिक दल ने नहीं बल्कि एक ऐसे भ्रष्ट ठेकेदार ने की है, जो मुकेश का रिश्तेदार भी था। निश्चय ही यह घटना अन्य पत्रकारों के लिये लगातार असुरक्षित होते हालात की तरफ भी इशारा करती है।



ललित शर्मा
संपादक



उदय किशोर साह

## गजब दस्तुर

कविता

सच्चाई की कद्र नहीं पर
झुठे का बोलवाला है
प्यासे की ग्लास है खाली पर
शराबी के हाथ भरा प्याला है

कैसा है दस्तुर सनम
सत्य खड़ा अकेला है
जग में मची उथल पुथल
पर बेईमानों के घर मेला है

कलि की है रीत गजब
पापी का जयकार यहाँ
पुण्य करोगे गर यहाँ
ठोकर की सरोकार वहाँ

कैसे कैसे लोग दिखता
पैसे की हो रही जयकार
पॉकेट गर हो खाली यहाँ
मिलती अपनों से दुत्कार जहाँ

अच्छा है कि मौन बैठो
किसी को कुछ ना बोल यार
कटु सत्य गर बोलोगे
लोग कोगें प्रहार हजार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आखिर चुनावी रेवड़ी को परिभाषित करना इतना मुश्किल क्यों है?

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा करते वक्त मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 'चुनावी रेवड़ी' क्या है, इसे परिभाषित करना मुश्किल है। चूंकि इस मुद्दे पर आयोग के हाथ बंधे हुए हैं। इसलिए, कानूनी उत्तर ढूंढे जाएं। हालांकि, उनकी इस साफगोई से हमारी संसद और हमारे संविधान के संरक्षक सुप्रीम कोर्ट, दोनों की जिम्मेदारी बढ़ चुकी है। वह यह कि वो जल्द से जल्द इस मसले पर व्याप्त कानूनी असमंजस को दूर करने के लिए एक नेक पहल करें।

वहीं, अब तक ऐसा नहीं होना निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया पर एक गम्भीर सवालिया निशान छोड़ जाता है। क्योंकि जब इस मसले पर स्पष्ट नियमन होंगे तो इसका उल्लंघन करने वाले राजनीतिक दलों व उनके नेताओं को कानून के कठघरे में खड़ा किया जा सकेगा। हालांकि, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की बात से अब यह स्पष्ट हो चुका है कि आजादी और गणतंत्र बनने के इतने दशकों बाद भी हमारे सत्ता पक्ष या विपक्ष ने कभी इस मुद्दे पर स्पष्ट नियमन बनाने की पहल ही नहीं की, ताकि दुविधाजनक कानूनी परिस्थितियों से चुनावी लाभ उठाते रहा जाए।


जबकि, मीडिया में इस बारे में जब-तब बहस होती रहती है, और सर्वोच्च न्यायालय में भी इस बारे में कुछ जनहित दायर है, जिस पर दो टूक निर्णय की प्रतीक्षा देशवासियों को है। लेकिन वर्ष 2018 से अब तक इस पर स्पष्ट निर्णय नहीं हो पाया है। यह गम्भीर बात है, क्योंकि इससे इस अहम मसले पर राजनेताओं और सम्बन्धित पेशेवरों द्वारा जितने मुंह, उतनी बातें की जा रही हैं जिससे मतदाता भी असमंजस में हैं। इसके उलट जिन्हें फ्रीबीज यानी मुफ्त की चुनावी रेवड़ी का लाभ मिल रहा है, उनकी तो बल्ले बल्ले है। वहीं, जिन करदाताओं की जेबें तरह-तरह के टैक्स के माध्यम से हर रोज काटी जा रही हैं और सरकार प्रदत्त जनसुविधा भी नदारत या नाकाफी दिख रहीं हैं, उनके दिलोदिमाग में इस सियासी प्रवृत्ति को लेकर अनेक सवाल उठ रहे हैं।

वैसे तो सुप्रीम कोर्ट ने भी गत दिनों फ्रीबीज मामले पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि राज्यों के पास उन लोगों को ह्यमुफ्त सौगातह्ण देने के लिए पर्याप्त धन है, जो कोई काम नहीं करते। लेकिन जजों की सैलरी-पेंशन देने के लिए नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य के पास मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के लिए पैसे हैं, लेकिन जजों की सैलरी-पेंशन देने के लिए नहीं है। राज्य सरकारों के पास उन लोगों के लिए पूरा पैसा है, जो कुछ नहीं करते; लेकिन जब जजों की सैलरी की बात आती है तो वे वित्तीय संकट का बहाना बनाते हैं।

बता दें कि जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह मौखिक टिप्पणी उस समय की, जब अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ से जुड़ी एक याचिका के निपटारे के क्रम में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने दलील दी कि सरकार को न्यायिक अधिकारियों के वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों पर निर्णय लेते समय वित्तीय बाधाओं पर विचार करना होगा। तब सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की कि, राज्य के पास उन लोगों के लिए पैसा है जो कोई काम नहीं करते। चुनाव आते हैं, आप लाडली बहना और अन्य नयी योजनाएं घोषित करते हैं, जिसके तहत आप निश्चित राशि का भुगतान करते हैं। दिल्ली में अब आए दिन कोई न कोई पार्टी घोषणा कर रही है कि वे सत्ता में आने पर 2,500 रुपये देंगे।

उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को पेंशन के संबंध में अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ की ओर से 2015 में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। जबकि, अटार्नी जरनल आर वेंकटरमणि ने कहा कि वित्तीय बोझ की वास्तविक चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा था कि, यह ह्यदयनीयह्ण है कि उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 10,000 रुपये से 15,000 रुपये के बीच पेंशन मिल रही है। यहां ध्यान देने वाली बात है कि सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब दिल्ली चुनाव में फ्रीबीज की बहार है। आम आदमी पार्टी ने वादा किया है कि उसकी सरकार बनी तो महिलाओं को 2100 रुपए हर महीने मिलेंगे। जबकि कांग्रेस 2500 रुपए देने की बात कह रही है। वहीं, भाजपा भी इसी तरह का ऐलान जल्द करने वाली है।

उधर, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही पूरे दिल्ली में 'रेवड़ी पर चर्चा' अभियान की शुरूआत कर दी थी। इस मौके पर उन्होंने दो टूक कहा था कि जनता का पैसा, जनता की रेवड़ी, तो उस पर हक भी जनता का ही है। केजरीवाल ने कहा कि, 'पीएम मोदी ने कई बार कहा है कि केजरीवाल मुफ़्त की रेवड़ी दे रहे हैं और इसे बंद किया जाना चाहिए। जबकि केजरीवाल खुलेआम कह रहा है कि हम ये रेवड़ी दे रहे हैं। अब दिल्ली के लोगों को तय करना है कि उन्हें ये रेवड़ी चाहिए या नहीं। उन्होंने आगे चेताया कि, अगर बीजेपी जीतती है तो वे ये योजनाएं बंद कर देगी। क्योंकि बीजेपी ने अपने और अपने गठबंधन द्वारा शासित राज्यों में ये रेवड़ियां लागू नहीं की हैं। हालांकि उसकी कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने दो टूक कहा कि, ये मुफ़्त की रेवड़ी नहीं हैं बल्कि ये करदाताओं के पैसे से लागू की गई योजनाएं हैं।



वहीं, चुनाव आयोग ने भी इस मुद्दे पर कहा था कि, जिसे आप सामान्य भाषा में 'फ्रीबीज' यानी मुफ़्त की चीजें कह रहे हैं, वे महामारी जैसे दौर में लोगों की जान बचा सकती हैं। हो सकता है एक वर्ग के लिए जो अतार्किक हो वो दूसरे वर्ग के लिए जरूरी हो।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक पार्टियों और मुफ़्त में सुविधाएं दिए जाने का ज़िक्र करते हुए एक बार कहा था कि, इस तरह के वादे करके वोटरों को लुभाना राष्ट्र निर्माण नहीं, बल्कि राष्ट्र को पीछे धकेलने की कोशिश है। अगर राजनीति में ही स्वार्थ होगा तो कोई भी आकर पेट्रोल-डीजल भी मुफ़्त देने की घोषणा कर सकता है। ऐसे कदम हमारे बच्चों से उनका हक छीनेंगे। देश को आत्मनिर्भर बनने से रोकेंगे। ऐसी स्वार्थभरी नीतियों से देश के ईमानदार करदाता का बोझ भी बढ़ता ही जाएगा। ये नीति नहीं 'अनीति' है। ये राष्ट्रहित नहीं, ये राष्ट्र का अहित है।

एक बार पीएम मोदी ने बुंदेलखंड-एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश के जालौन में तो यहां तक कह दिया था कि, आजकल हमारे देश में मुफ़्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ़्त की रेवड़ी बांटकर उन्हें खरीद लेंगे। हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है।

वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि, कहा जा रहा है कि अगर सरकारें जनता को फ्री में सुविधाएं देंगी तो सरकारें कंगाल हो जाएंगी। देश के लिए बहुत आफत पैदा हो जाएगी। इन सारी फ्री की सुविधाओं को बंद किया जाए। इससे मन में एक शक पैदा होता है कि कहीं केंद्र सरकार की आर्थिक हालत बहुत ज्यादा खराब तो नहीं हो गयी है। अचानक ऐसा क्या हो गया कि इन सारी चीजों को बंद करने, वापस लेने या इनका विरोध करने की स्थिति आ गई। इससे दो कदम आगे बढ़कर उन्होंने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार ने करोड़पति उद्योगपतियों के दस लाख करोड़ रुपए के कर्ज.माफ किए थे। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा था कि, जब 2014 में केंद्र सरकार का बीस लाख करोड़ का बजट होता था। और आज केंद्र सरकार का बजट लगभग चालीस लाख करोड़ का है तो ये सारा पैसा जा कहां रहा है। इन्होंने बहुत अमीर लोग जो अरबपति हैं, उनके दस लाख करोड़ रुपये के कर्जे.माफ कर दिए। अगर ये हजारों लाखों करोड़ों रुपये के कर्जे.माफ नहीं किए जाते तो इन्हें खाने-पीने की चीजों पर टैक्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि एक बार कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल का जवाब ट्वीट किया था। जिसके अनुसार 2017 से लेकर 2022 के बीच बैंकों ने करीब 10 लाख करोड़ रुपये के कर्ज.माफ किए हैं। तब उनका कहना था कि सरकार मध्यवर्ग के करदाताओं को लूट रही है। लिहाजा इसी का ज़िक्र अरविंद केजरीवाल ने भी किया था, जो सही है।

वहीं, चुनाव अभियानों में राजनीतिक पार्टियों के मुफ़्त चीजें और पैसे देने के वादों से संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'एक गंभीर मुद्दा' बताया है। वर्ष 2022 में ही एक याचिका पर सुनवाई करते हुए तत्कालीन चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना और जस्टिस कृष्ण मुरारी की बेंच ने कहा था कि- ये एक गंभीर मुद्दा है। जिन्हें ये मिल रहा है वो जरूरतमंद हैं और हम वेलफेयर स्टेट हैं। कुछ टैक्सपेयर कह सकते हैं कि इसका इस्तेमाल विकास के लिए किया जाए। इसलिए ये गंभीर मुद्दा है। अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान और वेलफेयर में बैलेंस की जरूरत है। दोनों ही पक्षों को सुना जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इस बाबत जनहित याचिका दायर करने वाले बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय ने गुजारिश की है कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग राजनीतिक पार्टियों के चुनावी घोषणापत्र को नियंत्रित करने और उनके वादों के लिए उन्हें ज़िम्मेदार ठहराने से जुड़ा कानून लाए और बिना सोच समझकर अतार्किक वादे करने वाली पार्टियों को बैन करे। उनका कहना है कि मुफ़्त चीजों की घोषणा करते वक़्त राजनीतिक पार्टियां सरकार पर पड़ रहे कर्ज.के बोझ का ध्यान रखें और बताएं कि इसके लिए पैसा किसकी जेब से आ रहा है।

इस बारे में अश्विनी उपाध्याय ने बताया था कि, हमने कोर्ट से यही कहा है कि इस समय केंद्र और राज्य सरकारों पर 150 लाख करोड़ रुपये का कर्ज.हो चुका है। अगर इसे नहीं रोका गया तो आने वाले समय में स्थिति बहुत खराब हो जाएगी। हमें न विश्व बैंक, न अमेरिका, न जापान कर्ज.देगा। स्थिति नियंत्रण के बाहर हो जाएगी। केंद्र सरकार ने भी हमारी जनहित याचिका का समर्थन किया है और कहा है कि जन कल्याणकारी योजनाएं तो चलनी चाहिए लेकिन मुफ़्तखोरी की योजनाएं बंद होनी चाहिए। हमने अपनी ओर से सात सदस्यों की एक समिति का प्रस्ताव दिया है। यह समिति बताए कि मुफ़्तखोरी को कैसे रोका जाए और राज्यों पर जो कर्ज.बढ़ रहा है, उसे कैसे कम किया जाए।

यूँ तो भारत में इससे पहले भी सब्सिडी के मुद्दे पर विचार-विमर्श होता रहा है। सब्सिडी के औचित्य आदि पर गंभीर चचाएं हुई हैं। लेकिन इस मुद्दे पर इस तरह राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप ने नए सुलगते हुए सवाल खड़े किए हैं। वह यह कि क्या मुफ़्त में चीजें या सेवाएं देना उचित है? क्योंकि राजनीतिक पार्टियां चुनाव जीतने के लिए मुफ़्त में चीजें या सुविधाएं देने का वादा हमेशा से करती रही हैं, लेकिन सवाल ये उठता है कि क्या ये किया जाना उचित है?

इस विषय पर राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि जब आप वोट मांगने जाते हैं तो इस तरह की बातें कहनी होती हैं। लेकिन इसमें एक फर्क है कि सामान्य रूप से ये कहना कि हम सबका ध्यान रखेंगे और स्पेसिफिक रूप से कहना जैसे '15 लाख आएंगे और हम सबको दे देंगे।' उन्हें लगता है कि इस तरह स्पेसिफिक वादे करना गलत होता है। ये कहना भी गलत है कि हम जब आएंगे तो बिजली के बिल में दो या तीन रुपये माफ कर देंगे या बिलकुल ही खत्म कर देंगे। दरअसल, ये प्रवृत्ति किसी एक दल की नहीं है, बल्कि सभी दलों की होती है लेकिन ये प्रवृत्ति रुकनी चाहिए। अगर आप कुछ करना चाह रहे हैं तो उसके लिए भी नियम कानून होने चाहिए कि उसे किस तरह होना चाहिए। इसकी जवाबदेही भी होनी चाहिए। लेकिन क्या जन कल्याणकारी योजनाओं और हाल ही में सामने आए टर्म 'मुफ़्त की रेवड़ी' को एक तरह देखा जा सकता है? इस सवाल पर जानकार बताते हैं कि एक ऐसा समाज जहां आर्थिक और सामाजिक समेत तमाम तरह की विषमताएं हैं। वहां सभी के लिए एक जैसा कदम नहीं उठाया जा सकता। ऐसे में वंचितों और शोषितों का कल्याण करना हर सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। **-कमलेश पांडेय**

# परंपरागत एवं आधुनिक चिकित्सा में समन्वय की जरूरत



ललित गर्ग

**वेलकम इंडिया**

एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण के उपचार को लेकर दुनिया भारत की प्राचीन प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धति की ओर आशाभरी निगाहों से देख रही है, क्योंकि मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना के निदान में भी उसकी भूमिका प्रभावी एवं कारगर रही है। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने शोध-अनुसंधान व बड़े पूंजी निवेश के चलते अप्रत्याशित स्वास्थ्य उन्नति एवं चिकित्सा क्रांति की है। बावजूद इसके आधुनिक समय में भी प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां असाध्य बीमारियों के लिये कारगर बनी हुई है। भारत ही नहीं, विदेशों में भी भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता बढ़ी है। आयुष मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2014 में जो आयुष बाजार 2.8 अरब डॉलर था, उसका आकार बीते साल तक 43.4 अरब डॉलर हो गया है। इतना ही नहीं प्राकृतिक चिकित्सा उत्पादों का निर्यात भी दुगना हुआ है। जिससे इस पद्धति की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का पता चलता है। यानी इन्हें एक पूरक चिकित्सा के रूप में मान्यता मिल रही है। इन स्थितियों को देखते हुए यदि आधुनिक विज्ञान व परंपरागत चिकित्सा पद्धति में समन्वय बने तो मानवता कल्याण का नया रास्ता उद्घाटित होगा।

प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली चिकित्सा की एक रचनात्मक विधि है, जिसका लक्ष्य प्रकृति में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्त्वों के उचित इस्तेमाल द्वारा रोग का मूल कारण समाप्त करना एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। यह न केवल एक चिकित्सा पद्धति है बल्कि मानव शरीर में उपस्थित आंतरिक महत्त्वपूर्ण शक्तियों या प्राकृतिक तत्त्वों के अनुरूप एक जीवन-शैली है। यह जीवन कला तथा विज्ञान में एक सम्पूर्ण क्रांति है। इसमें



प्राकृतिक भोजन, विशेषकर ताजे फल तथा कच्ची व हलकी पकी सब्जियाँ विभिन्न बीमारियों के इलाज में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। योग, ध्यान एवं संतुलित जीवनशैली इस चिकित्सा के आधार है। प्राकृतिक चिकित्सा निर्धन व्यक्तियों एवं गरीब देशों के लिये विशेष रूप से वरदान है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से भारत का जो प्राचीन सेहत का ज्ञान सदियों से हाशिये पर रहा है, उसे पिछले एक दशक में देश-विदेश में व्यापक रूप से प्रतिष्ठापित किया गया है और भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद, योग को दुनिया में फैलाया गया है। भारत में भीषण गरीबी के चलते प्रकृति के सान्निध्य में सेहत के गुर को महसूस करते हुए महात्मा गांधी ने प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को देश में प्रतिष्ठा दी थी। आज भी उनके अनुयायी पूरे देश में इस मुहिम में जुड़े हुए हैं। जरूरी है कि सदियों के अनुभव से हासिल गुणवत्ता व प्रमाणिकता के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के मध्य तालमेल की कोशिश की जाए।

पारम्परिक एवं पूरक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन- डब्ल्यूएचओ की वैश्विक रिपोर्ट (2019) के अनुसार, दुनिया भर में इस्तेमाल की जा रही पारम्परिक चिकित्सा की विभिन्न प्रणालियों में, एक्यूपंक्चर, हर्बल दवाएँ, स्वदेशी पारम्परिक चिकित्सा, होम्योपैथी, पारम्परिक चीनी चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा, कायरोप्रैक्टिक, ऑस्टियोपैथी, आयुर्वेद व यूनानी उपचार शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ के 170 सदस्य देशों ने अपनी आबादी द्वारा पारम्परिक चिकित्सा के उपयोग पर रिपोर्ट दी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी, पारम्परिक उपचार प्रणालियों के अध्ययन और अभ्यास में क्रान्ति ला रही है। आयुष शब्द आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी का संक्षिप्त रूप है। इसी आधार पर प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक समय में प्रासंगिक बनाने के लिये भारत सरकार में आयुष मंत्रालय बना है। इसी मंत्रालय के प्रयासों से जहां आयुष बाजार को विस्तार मिला, वहीं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उपचार में मदद मिली है। इससे रोजगार व उद्यमिता को भी नई ऊंचाइयां मिली हैं। एक ओर जहां आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन से रोजगार बढ़े हैं, वहीं इसमें प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों, फल और इससे जुड़े जैविक उत्पादों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिला है। कमोबेश इसी तरह योग से जुड़ी सामग्री का निर्यात भी तेजी से बढ़ा है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग, आयुर्वेद, भारतीय खानपान एवं जीवनशैली को वैश्विक मान्यता मिली है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत सरकार की सहभागिता में गत वर्ष भारत के गुजरात प्रदेश के गांधीनगर शहर में प्रथम पारम्परिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित कर गम्भीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने और वैश्विक स्वास्थ्य एवं टिकाऊ विकास में प्रगति को आगे बढ़ाने में, पारम्परिक, पूरक व एकीकृत चिकित्सा की उपयोगिता को स्वीकार करते हुए इसे व्यापक बनाने की अनेक योजनाओं पर सहमति जताई। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार ने आधुनिक विज्ञान एवं टैक्नॉलॉजी के जरिये, पारम्परिक औषधि में निहित सम्भावनाओं को साकार करने के इरादे से एक वैश्विक केंद्र स्थापित किये जाने के समझौते पर भी हस्ताक्षर किये और गुजरात राज्य के जामनगर शहर में बनाए जाने वाले इस केंद्र की मदद से आमजन की सेहत में बेहतरी लाने और विश्व के हर क्षेत्र में सम्पर्क व लाभ सुनिश्चित किये जाने की योजना को आकार दिया जाने लगा है।

नये विश्व की विडम्बना है कि तीव्र विकास की छाया में गरीबी का भी विस्तार हुआ है। महंगी होती आधुनिक चिकित्सा पद्धति गरीब की पहुंच से दूर होती जा रही है। सरकारी चिकित्सा तंत्र मरीजों के भारी बोझ से चरमरा रहा है।

## बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र के पचौमी गांव में

# मंदिर के बाबा की डंडे और ईंट से वार कर की हत्या

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**





**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र के पचौमी गांव से बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यंहा के पंचेश्वर नाथ मंदिर में रहने वाले एक बाबा की डंडा और ईंट के वार से कुचलकर हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।

मंदिर में मौजूद अन्य बाबाओं के अनुसार बाबा शिवचंद गिरी ने रात में पंचेश्वर नाथ मंदिर पर शराब पी थी। इसके बाद वह काली माता गौगड़ा मंदिर पहुंचे, जहां उनकी हत्या कर दी गई। जब बाबा अमित गिरी मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने बाबा को गंभीर हालत में पाया। जिसके बाद इस दिल दहला देने वाली घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी गई, जिन्होंने तत्काल एंबुलेंस बुलवाई। हालांकि इलाज के लिए अस्पताल ले जाने से पहले ही बाबा की मौत हो चुकी थी।

मृतक बाबा करीब छह दिन पहले ही कहीं बाहर से आकर यहां रह रहे थे। इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर अपनी जांच-पड़ताल शुरू कर दी है, वहीं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से डंडा, ईंट और अन्य साक्ष्य कब्जे में ले लिए हैं। इस घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है।

ग्रामीण इस हत्या से स्तब्ध हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने इस घटना को लेकर कहा है कि घटनास्थल से जो ईंट और डंडा बरामद हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी व्यक्ति ने इसी ईंट और डंडे के जरिए वार करके बाबा की हत्या की होगी। फिल्हाल उन्होंने कहा है कि कुछ दिन पहले ही बाहर से बाबा शिवचंद गिरी यहां आए थे और उनके मूल पते की जानकारी नहीं मिल पाई है। बुधवार देर शाम शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। मामले की जांच के लिए दो टीमों का गठन हुआ है। जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

## लम्बे समय से ना ना के बाद फिर पकड़ी गई स्मैक

**बागेश्वर।** जिले को अवैध रूप से नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों पर नकेल कसने के लिए एसपी चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा प्रभावी आदर्श आचार संहिता के पालन करने के लिए पुलिस अधिकारियों को विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।साथ ही अवैध मादक पदार्थों की तश्करी में लिप्त लोगों का ब्यौरा एसपी कार्यालय को भेजने तथा ऐसे लोगों के खिलाफ धरपकड़ तेज करने के निर्देश दिए। पुलिस उपाधीक्षक के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाहीके निर्देश के बाद अब पुलिस अधिकारियों द्वारा चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। वही एसओजी प्रभारी निरीक्षक सलाउद्दीन खान के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की चैकिंग के दौरान वन स्टॉप सेंटर के नीचे नदी किनारे से मनीष कुमार उर्फ मरिया पुत्र गोपाल राम, निवासी घटबगड वार्ड को चैक किया गया तो उक्त व्यक्ति के पास 8.38 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। जिसके बाद एनडीपीएस एक्ट में आरोपी के खिलाफ मुकदमा कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और राजकीय इंटर कॉलेज निर्माण की मांग को लेकर

# सांसद हेमा मालिनी से मिले गोवर्धन चेयरमैन प्रतिनिधि

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** धार्मिक नगरी गोवर्धन में मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल सहित आन्यौर में स्वास्थ्य केंद्र व राजकीय इंटर कॉलेज की मांग को लेकर गोवर्धन चेयरमैन प्रतिनिधि ने सांसद हेमा मालिनी से मुलाकात की। सांसद हेमा मालिनी ने उक्त सुविधाओं के लिए उच्च स्तर पर पत्राचार कर समाधान करने का आश्वासन दिया।

गोवर्धन नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने सांसद हेमा मालिनी से उनके निवास पर मुलाकात कर चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा का पत्र सौंपते हुए अवगत कराया कि धार्मिक नगरी गोवर्धन में प्रतिदिन लाखों की संख्या में देश विदेश से श्रद्धालु परिक्रमा करने आते है मगर 21 किलो मीटर लंबे धार्मिक क्षेत्र में उपचार की कोई स्तरीय सुविधा नहीं है। बीते लम्बे समय से स्थानीय नागरिक धार्मिक नगरी में मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की मांग करते आ रहे है। इसके लिए युवाओं ने सोशल मीडिया पर भी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल निर्माण की मांग उठा रखी है। जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को स्तरीय व विशेषज्ञ उपचार मिल सके।

वहीं परिक्रमा मार्ग के गांव आन्यौर में ग्रामीणों के प्राथमिक उपचार के लिए कोई भी सुविधा नहीं है जबकि कुछ वर्ष पूर्व तक यहां जच्चा बच्चा उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित था। मगर भवन के जर्जर हो जाने पर वो भी वर्षों से बंद है।

वहीं शिक्षा के लिए भी गांव में कोई इंटर कॉलेज नहीं है। जिससे गांव की आधी आबादी ( बच्चियां ) उच्च शिक्षा से वंचित रह रही है।

उक्त विषयों को सांसद हेमा मालिनी ने गंभीरता से लेते हुए शासन से पत्राचार कर आन्यौर में इंटर कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध करने पर इंटर कॉलेज स्थापित करने का आश्वासन दिया।

# पुलिस ने फायरिंग व आगजनी करने के मामले में 03 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** दिनांक 08.01.2025 को वादी नसरुद्दीन पुत्र गुलाम रसूल निवासी मो0 अंसार टोला थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर बावत दिनांक 07.01.2025 की रात्रि करीब 10 बजे प्रेमप्रकाश सिंह पुत्र स्व0 राजबलि सिंह निवासी उनखास थाना कोतवाली खलीलाबाद, दुर्गेश पाल पुत्र योगेन्द्र पाल निवासी परसा झकरिया थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर द्वारा जान मारने की नीयत से वादी व वादी के भाई के उपर फायरिंग करने तथा सुधाकर सिंह उर्फ राणा सिंह उर्फ छोटू पुत्र शिवाजी सिंह निवासी उनखास थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा उक्त घटना में सहयोग करने के सम्बन्ध में तहरीर दिया गया । जिसके उपरान्त थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 021/2025 धारा 49, 351(3), 109(1) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 ललितकान्त यादव, का0 सुनील पाल, का0 सतेन्द्र यादव, का0 रंजन कुमार, का0 आदित्य सिंह ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 021/2025 धारा 49, 351(3), 109(1) बीएनएस में नामजद अभियुक्तगण 1. प्रेमप्रकाश सिंह पुत्र स्व0 राजबलि सिंह निवासी उनखास थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर 2. दुर्गेश पाल पुत्र योगेन्द्र पाल निवासी परसा झकरिया थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर 3. सुधाकर सिंह उर्फ राणा सिंह उर्फ छोटू पुत्र शिवाजी सिंह निवासी उनखास थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को समय माता मन्दिर पिज्जा गली रोड के निकट स्थित मस्जिद के पास से 01 अदद नाजायज पिस्टल, 05 अदद खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त 01 अदद होण्डा साईन के साथ गिरफ्तार किया गया ।

## ससुराल में विवाहिता की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**कांधला।** क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी एक विवाहिता की ससुराल में मौत हो गई, परिजनों ने ससुरालयों पर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया,शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी शाहिद की की पुत्री मुस्कान की शादी लगभग तीन महा पूर्व कैराना कस्बे के तीतरवाडा मार्ग निवासी शाहरुख पुत्र जाहिद के साथ हुई थी। मृतक विवाहिता के भाई वाजिद ने बताया कि उसकी बहन के ससुराल वाले आए दिन अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न कर रहे थे। एक महा पूर्व ससुरालियों ने दहेज की मांग की थी पीड़ितों ने मांग पूरी कर दी थी।

# स्कूली बच्चों के लिए गीता शोध संस्थान और गिव संस्थान का 'गीता का ज्ञान-सफलता' की पहचान कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी और गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वैदिक एजुकेशन (गिव) के संयुक्त तत्वावधान में गीता प्रसार-प्रचार योजना के अंतर्गत चैतन्य विहार, बुर्जा रोड स्थित संदीपनी मुनि स्कूल में ऱगीता का ज्ञान-सफलता की पहचानऱ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वैदिक एजुकेशन (गिव) के संस्थापक अध्यक्ष एवं शिक्षा गुरु डॉ वृंदावन चंद्र दास प्रभु की कृपापात्रा श्री माधवी देवी दासी माताजी ने श्रीमद्भगवद गीता पर अत्यंत प्रेरक एवं प्रभावशाली व्याख्यान दिया।

उन्होंने बताया कि अध्यात्म ज्ञान प्राप्त किए बिना मनुष्य सुखी नहीं रह सकता। आध्यात्मिक ज्ञान हमें बच्चों को 5 वर्ष की आयु से ही प्रारंभ कर देना चाहिए। जूनियर एवं सीनियर सांदीपनी स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि मिश्रा एवं श्रीमती दीपिका मिश्रा के सहयोग से व्याख्यान के समय बहुत सुंदर व्यवस्था के साथ बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

लगभग 200 बालिकाओं ने गीता व्याख्यान को सुना एवं श्री माधवी दासी माता जी की प्रश्नोत्तरी सभा में सभी ने उत्साह पूर्वक जवाब दिया। गीता शोध संस्थान के निदेशक प्रोफेसर दिनेश खन्ना ने बच्चों को गीता को व्यवहार में लाने को प्रेरित किया।

गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान वृंदावन के कार्यकलापों व गीता की प्रचार- प्रसार योजना से अवगत कराया।

उन्होने विद्यालय के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। संस्थान के के जगदीश पथसारिया ने व्यवस्थाएं संम्हाली।

इस मौके पर श्री राधाकवि दास प्रभु, श्री माधवी दासी माता जी, श्री मनदीप प्रभु का श्री अवतारी कृष्ण दास प्रभु का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय परिवार से श्रीमती रश्मि मिश्रा श्रीमती दीपिका मिश्रा महिमा जी, शिवानी जी, मीनाक्षीजी, भावना जी, ममता जी, कीर्ति जी, पूजा जी, रितु जी, मिथिलेश जी, रीना जी, नीलम जी पूर्णिमाजी, सीमाजी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# भाजपा जिलाध्यक्ष चुनाव के लिए जिला प्रवक्ता सचिन चतुर्वेदी ने किया नामांकन



**मथुरा।** भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए 9 जनवरी गुरुवार को नामांकन दाखिल किया गए । बुधवार को दोपहर बाद मथुरा पहुंचे महानगर चुनाव अधिकारी विमल शर्मा ने भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन प्राप्त किये । संगठनात्मक चुनाव के चार चरण पूरे हो चुके हैं ।जिलाध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया को प्रारम्भ करते हुए गुरुवार को 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर पांचवें चरण में जिलाध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया शुरू की गयी ।12 बजे से 2.00 बजे तक नामांकन दाखिल किये गए जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि पार्टी की वैचारिक पृष्ठभूमि से जुड़े होने के साथ दो बार के सक्रिय सदस्य ही नामांकन कर सकते हैं। जिलाध्यक्ष बनने के लिए 60 वर्ष से अधिक उम्र भी नही होनी चाहिए।भाजपा प्रवक्ता सचिन चतुर्वेदी ने भी महानगर अध्यक्ष पद हेतु अपना आवेदन सौंपा सुबह ही अपने समर्थक कार्यकर्ताओ के साथ ही सचिन चतुर्वेदी ने अपनी दावेदारी पेश की। जिला चुनाव अधिकारी संजय शर्मा व जिला सह चुनाव अधिकारी कुंजबिहारी चतुर्वेदी ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिला चुनाव अधिकारी विमल शर्मा ने सभी नामांकन प्राप्त किये।

## सीडीओ की अध्यक्षता में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग संतकबीर नगर के नये कुलावों के अनुमोदन के लिए हुई बैठक



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम मे मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सन्तकबीर नगर के नये कुलावों के अनुमोदन के लिए बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में नहरों की सं0 13 कुलावों की सं0 91 कुल क्षेत्रफल 3651.81 जिसमे कच्ची गूल 477.284 किमी पक्की गूल 35.06किमी संरचनाएं 1847 कुल नियोजित क्षेत्र 3651.81 हे० कुल अनुमानित लागत 914.76 लाख है। जिसके अनुमोदन के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के बीच बैठक समपन्न हुई। इस अवसर पर उप निदेशक, कृषि डॉ राकेश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी सिंचाई सौरभ कुमार सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने तीन जगहों की चोरियों की घटनाओं में 3 चोरों को किया गिरफ्तार, तमंचे व कारतूस बरामद

**वेलकम इंडिया**




**हाथरस।** अवगत कराना है कि दिनांक 17 दिसबंर को भंवरपाल पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम उमरावपुर थाना सिकंद्राराऊ जनपद हाथरस द्वारा थाना सिकंद्राराऊ पर सूचना दी कि विगत रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उसके प्लॉट से बकरी चोरी कर ली है।इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा घटना का शीघ्र अनावरण करते हुए घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना प्रभारी सिकंद्राराऊ को निर्देशित किया गया । जिसके क्रम में थाना सिकंद्राराऊ पुलिस द्वारा उक्त चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 3 चोरों को गिरफ्तार किया गया है ।

जिनके कब्जे से दो अवैध तमंचे व दो जिंदा कारतूस सहित 1600 रुपये नगद व घटना मे प्रयुक्त एक माइक्रा कार बरामद हुए है। पकड़े गए अभियुक्त मिलकर बकरे-पशु चोरी व टप्पेबाजी का काम करते है। हमने दिनांक 16 दिसबंर की रात में ग्राम उमरावपुर मे एक घर से 2 बकरी चोरी की थी तथा चोरी की गई बकरियो को हम लोगों ने फिरोजाबाद पैठ मे बेच दिया था। उन रुपयो को हमने आपस मे बराबर-बराबर बांट लिया था । जो रुपये हमसे बरामद किये है यह उन्ही बकरियों के बेचने से प्राप्त रुपयो मे से बचे हुए है। इसी क्रम में अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि दिनांक 20 दिसबंर को उनके द्वारा थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र से भेड-बकरी चोरी की थी । तथा उनके द्वारा दिनांक बीस जनवरी 24 की रात को थाना हसायन क्षेत्र में एक घर मे से जेवरात भी चोरी किये थे। उक्त घटनाओं का भी सफल अनावरण करते हुए पुलिस द्वारा अग्रेत्तर कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस ने अभियुक्त जान मौहम्मद पुत्र इस्लाम निवासी आकाशवाणी रोड काले बाबू का तकिया, अरमान पुत्र नासिर निवासी जन्नती मस्जिद के पास मोहल्ला हबीबगंज और राशिद पुत्र जैनुद्दीन निवससी काले बाबू की तकिया के पास उर्दुनगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद को जेल भेज दिया है।

# जल जीवन मिशन में अफसरों का आंकड़ों से खेल बदस्तूर जारी, हकीकत सच्चाई से कोसों दूर

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** जल जीवन मिशन के तहत गांवों में घर-घर पानी पहुंचाने में नाकाम रहे जिले के अफसरों ने अब आंकड़ों का खेल शुरू कर दिया है। अब तक जिले में बमुश्किल 30 फीसदी ही ओवरहेड टैंक बन पाए हैं लेकिन फिर भी 95 प्रतिशत घरों को कनेक्शन देकर 55 फीसदी गांवों में पानी की आपूर्ति शुरू कर दिए जाने का दावा जिले के अफसरों द्वारा किया जा रहा है। जिले में वर्ष 2022 में शुरू हुई केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत जिले के 1806 गांवों में घर-घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया था। इसके लिए जल निगम की ओर से गांव-गांव पानी की टंकी और ट्यूबवेल बनाए जाने के साथ पाइप लाइन बिछाई जा रही हैं। शासन ने यह प्रोजेक्ट मार्च 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया था लेकिन समय पर काम पूरा नहीं हो सका। इसके बाद शासन ने 31 दिसंबर 2024 तक का वक्त जल निगम को दे दिया लेकिन ये नौ महीने भी ऐसे ही गुजर गए और काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। अब की स्थिति को देखें तो जल निगम के रिकॉर्ड के अनुसार जिले के 1806 गांवों में से अब तक सिर्फ 1104 गांवों में ही पानी पहुंच पाया है, बाकी बचे 704 गांवों के लोग अब भी पेयजल आपूर्ति शुरू होने का इंतजार ही कर रहे हैं। जल निगम के अफसर तीन से चार महीने में काम पूरा होने का दावा कर तो कर रहे हैं लेकिन देखना होगा यह कार्य जनपद में कब तक पूरा किया जा सकेगा।

ब्लाक क्यारा के गांव जोगीठेर निवासी राम सिंह कहते हैं कि हर घर जल योजना के नाम पर सरकारी धन की बबार्दी हुई है। पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गईं सड़कें महीनों से जैसी की तैसी पड़ी हैं। तमाम गांवों में टोटियां लगा दी गईं लेकिन पानी नहीं आ रहा। वहीं शिकायतों पर सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। गौतारा के महाराज सिंह ने बताया गांव में पाइप लाइन बिछाना शुरू किया गया था लेकिन अब तक पानी नहीं पहुंचा है। गांव के काफी हिस्से में पाइप लाइन भी नहीं बिछी है। जल निगम द्वारा किये गए इस कार्य से सड़कें भी बेवजह बर्बाद हो गईं। चंदपुर काजियान के कुलदीप ने बताया है कि पानी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन से गांव की सड़कें और गलियां टूटी पड़ी हैं। पानी भी अब तक नहीं मिल पाया है।

> जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट पर तेजी से काम चल रहा है। मार्च तक लगभग सभी घरों में पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। पाइप लाइन बिछाने और पानी की टंकी का निर्माण काफी हद तक पूरा हो चुका है। –कुमकुम गंगवार– एक्सईएन, जल निगम ग्रामीण बरेली।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को क्या नए सत्र में मिल पाएंगी शिक्षिकाएं

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जिले में अप्रग्रेड होने वाले कस्तूरवा गांधी बालिका विद्यालयों में जो नई शिक्षकाओं और केयरटेकर के पदों पर भर्ती की कवायद पिछले साल शुरू की गई थी, उस भर्ती प्रक्रिया को देखकर लग रहा है कि अब यह नए सत्र में ही पूरी हो सकेगी। क्योंकि अन्य विभागों की तरह ये भर्तियां भी तकनीकी पेच में उलझती रहीं हैं, तमाम विवाद सुलझने के बाद भी इस भर्ती प्रक्रिया की रफ्तार इतनी सुस्त रही है कि अब लग रहा है कि अगले सत्र तक ही विद्यालयों को नई शिक्षिकाएं और केयरटेकर मिल पाएंगी। ये कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आठवीं कक्षा तक संचालित होते हैं और पूरी तरह आवासीय भी हैं। सरकार ने इनको अपग्रेड करने का निर्णय लिया है। ऐसे में सभी के लिए बड़े एकैडमिक परिसर और हॉस्टल की अतिरिक्त व्यवस्था करनी है।

सरकार द्वारा तय किया गया है कि जिन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के आसपास तीन किलोमीटर के दायरे में राजकीय या एडेड इंटर कॉलेज हैं, वहां की छात्राएं आठवीं के बाद इन इंटर कॉलेजों में पढ़ सकेंगी। इनके लिए अतिरिक्त एकैडमिक कैंपस या हॉस्टल की जरूरत नहीं है। जिनके आसपास पहले से इंटर कॉलेज नहीं है, वहां उसी परिसर या नजदीक ही अलग से एकैडमिक कैंपस और हॉस्टल वनाए गए हैं। बरेली जिले में भी लगभग पांच कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ऐसे हैं जिनके आसपास राजकीय या एडेड इंटर कॉलेज नहीं है। इनके लिए एकैडमिक कैंपस और हॉस्टल बनाये गए हैं और तीन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ऐसे हैं जिनका निर्माण अभी भी पूरा नहीं हो सका है जिन कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में निर्माण कार्य पूरा हो गया है उनमें छात्राएं कक्षा 12 तक की शिक्षा ले रही है लेकिन उनकी शिक्षा में भी तमाम तरीकों की परेशानियां सामने आ रही है। ऐसे में हर विद्यालय के लिए प्रधानाध्यापक समेत सात शिक्षिकाओं और केयरटेकर की जरूरत है। कुछ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं का कहना है कि इस भर्ती प्रक्रिया को सरकार जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी पूरा करें क्योंकि भर्ती प्रक्रिया लंबित होने के कारण हम लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे छात्राओं को उनकी विषयवस्तु का ज्ञान समय रहते नहीं दिया जा पा रहा है, विभागीय कार्य भी दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं मौजूदा शिक्षक केवल विभागीय कार्य में उलझ कर रह गए हैं ऐसे में यदि भर्ती की प्रक्रिया जल्द पूर्ण हो जाती है तो यह छात्राओं के हित में होगा।

## जून 2024 में भेजा गया था उच्चीकृत करने का प्रस्ताव

इन भर्तियों के लिए कवायद पिछले सत्र से ही शुरू हो गई थी। पहले लेटलतीफी करते हुए जून में भर्ती का प्रस्ताव भेजा गया। जब शासनादेश जारी हो गया तो ध्यान आया कि प्रस्ताव ही गलत बना था। इसमें केयरटेकर की शैक्षिक अर्हता गलत दर्शाई गई थी। उसके बाद फिर संशोधित प्रस्ताव भेजा गया और नया शासनादेश नवंबर के शुरूआत में जारी हुआ। उसके बावजूद अभी तक सभी जिलों ने विज्ञापन जारी नहीं किया है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस रफ्तार से अगले सत्र की शुरूआत में ही नई शिक्षकाओं और केयरटेकरों की भर्ती हो पाएगी।

# 68वें नेशनल स्कूल गेम्स वेटलिफ्टिंग खेल का हुआ समापन



**वेलकम इंडिया**

**बाहरी दिल्ली।** दिल्ली में चल रहे 68 वे राष्ट्रीय खेल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन चल रहा है जिसमें रविवार को 19 वर्ग के पुरुष तथा महिला खिलाड़ियों का पहलादपुर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में वेटलिफ्टिंग खेल का समापन समारोह सम्पन्न हुआ, इस प्रतियोगिता में 500 से अधिक खिलाड़ियों ने देश के विभिन्न राज्यों से हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से चलाने के लिए खेल विभाग के उपनिदेशक श्री एस सुनील ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

इसके साथ-साथ और गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया इस परिसर के इंचार्ज मुकेश वत्स ने जानकारी देते हुए कहा हमारी पूरी टीम ने 10 दिन तक लगातार खेल आयोजन को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करती रही जिसका नतीजा यह निकला कि राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन को मुख्यमंत्री ने भी सराहा वत्स ने कहा हम आगे खेल प्रतियोगिता को लेकर बड़े स्तर पर आयोजन कराने का प्रयास करेंगे।

# महाकुंभ के सफल आयोजन की जाने वाली तैयारियों एवं प्रबंधन व्यवस्था लखनऊ मण्डल प्रयासरतः रेल प्रबंधक एस.एम.शर्मा

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** मण्डल रेल प्रबंधक ने गाड़ी परिचालन, यात्री सुविधाओं सहित सभी प्रबंधन नीतियों की समीक्षा की प्रमुख पर्वों एवं स्नान दिवसों पर विशेष सजगता बरतते हुए कार्य करने एवं यात्रियों की हर यथासंभव सहायता करने के बारे में कर्मचारियों को किया प्रेरित



महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन के लिए की जाने वाली तैयारियों एवं प्रबंधन व्यवस्था को अधिक से अधिक सुदृढ़ करने के लिए उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल लगातार प्रयासरत है। मण्डल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा निरंतर सारी स्थितियों की स्वयं मॉनिटरिंग कर रहें हैं। इसी क्रम में मण्डल रेल प्रबंधक ने आज पुनः दिनांक 09 जनवरी 2025 को प्रयाग में स्थित मण्डल के स्टेशनों का निरीक्षण किया क आज के इस निरीक्षण के तहत उन्होंने प्रयाग जं., फाफामऊ जं. एवं प्रयागराज संगम स्टेशनों पर गाड़ी परिचालन, यात्री सुविधाओं सहित सभी प्रबंधन नीतियों की समीक्षा की तथा इनको पूरी तरह से दुरुस्त रखते हुए कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश एवं सुझाव पारित किये। उन्होंने गाड़ी संचालन का ड्राईरन करके परिचालन व्यवस्था को परखा तथा प्रमुख पर्वों एवं स्नान दिवसों पर विशेष रूप से सजग और सतर्क रहते हुए कार्य करने की बात कही। मण्डल रेल प्रबंधक ने रेलयात्रियों के साथ सीधा संपर्क रखने वाले रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों सहित अन्य कर्मचारियों को रेलवे का सजग प्रहरी की संज्ञा देते हुए सभी को ड्यूटी के दौरान रेलयात्रियों और श्रद्धालुओं के साथ सौजन्यतापूर्वक व्यवहार करने एवं विनम्र आचरण अपनाते हुए कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

इस विषय में मण्डल रेल प्रबंधक ने अवगत कराया कि मंडल द्वारा प्रयागराज क्षेत्र में स्थित अपने रेलवे स्टेशनों और स्थलों पर आवश्यक कार्यों को साकार स्वरूप प्रदान किया जा चुका है, ताकि पूरे महाकुंभ के दौरान एवं प्रमुख पर्वों एवं स्नान दिवसों पर हम अपने इन स्टेशनों पर आवागमन करने वाले प्रत्येक यात्री की यात्रा के अनुभव को यादगार और मनोरंजक बना सकें। उन्होंने यह भी बताया कि मण्डल पूरी श्रद्धा, संकल्प एवं समर्पण की भावना के साथ कार्य करते हुए इस दिव्य एवं भव्य आयोजन की सफलता में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दो किसानों की ट्यूबवेल से उपकरण चोरी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के इस्लामपुर घसोली मार्ग पर किसानों के खेतों में बने ट्यूबवेलों से चोरों ने बिजली के उपकरण एवं हजारों का सामान चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरों की तलाश की पीड़ित किसानों ने कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र में ठंड के दस्तक देते ही चोरों ने किसानों के नलकूपों पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। चोर ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर का तार चोरी कर रहे हैं, जबकि खाली बॉक्स खेतों में छोड़ देते हैं।नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी किसान विपुल शर्मा का खेत क्षेत्र के इस्लामपुर मार्ग पर स्थित है। चोरों के गिरोह ने सबसे पहले किसान के ट्यूबवेल को अपना निशाना बनाते हुए उपकरण सस्टार्टर व ट्रांसफार्मर में से तेल चोरी कर लिया। उसके बाद चोरों ने खेत पड़ोसी मोहिद के ट्यूबवेल में तोड़फोड़ करते हुए उपकरण में अन्य कीमती सामान को चोरी कर मौके से फरार हो गए। सुबह के समय जब दोनों किसान अपने खेत पर कार्य करने के लिए गए तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई।

# 20 किलो गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** स्थानीय पुलिस ने गश्त के दौरान 20.300 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।



प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने बताया कि कस्बा चौकी इंचार्ज रामकुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बुधवार को दोपहर क्षेत्र में गश्त पर थी कि इसी दौरान बादली से ग्राम जालपुर जाने वाले मार्ग पर गंजोवाली के तिराहे के पास एक युवक बुलेट मोटरसाइकिल पर लिए दो कट्टों के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह घबरा गया।तब तत्काल पुलिस ने उस युवक को दबोच लिया तथा उससे नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम अरमान सिहं पुत्र ओमप्रकाश मूल निवासी ग्राम महगवाँ थाना मर्दा जनपद गाजीपुर हाल निवासी मौहल्ला नज्जुपुरा कस्बा व थाना टाण्डा जनपद रामपुर बताया।पूछताछ पर संदिग्ध युवक ने प्लास्टिक के दोनों बैग में गांजा होने की बात बताई।तब तत्काल नियमानुसार पुलिस टीम द्वारा तलाशी लिये जाने हेतु मजिस्ट्रेट को सूचना दी गयी। सूचना पर नायब तहसीलदार टाण्डा अंकुर अत्तल मौके पर पहुंचे। मजिस्ट्रेट एवं पुलिस टीम द्वारा दोनों कट्टों में भरे गांजे की तलाशी लेकर तौल की गयी तो आरोपी के कब्जे से 20 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ।इसके अलावा आरोपी के पास से दो मोबाईल और 920 रुपये भी बरामद हुए।बरामदा गांजा व बुलेट मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में आरोपी से कागजात तलब करने पर कोई कागजात नहीं दिखा सका।पुलिस के अनुसार मोटरसाइकिल पर रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नहीं है, बल्कि आगे पीछे पुलिस लिखा है।पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर मोटरसाइकिल सहित कोतवाली ले आयी। मोटरसाइकिल को सीज कर दिया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर बृहस्पतिवार को उसका चालान कर दिया।जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।आरोपी को गिरफ्तार करने एवं मादक पदार्थ बरामद करने वाली टीम में कस्बा चौकी इंचार्ज रामकुमार सिंह, उपनिरीक्षक पंकज कुमार, हेडकांस्टेबल विकास कुमार, राजीव कुमार, अनिल कुमार व सौरभ त्यागी सहित कांस्टेबल विनय कुमार शामिल रहे।

## शाहजहांपुर में संविधान गौरव अभियान कार्यशाला का आयोजन



**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ ने संविधान गौरव अभियान की तैयारियों को लेकर 9 जनवरी 2025 को एक बैठक आयोजित की।यह बैठक भाजपा नेता तारिक खान के शाहजहांपुर स्थित एफबी बैंकट हॉल पर आयोजित की गई।बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा नेता बलराज डूंगर ने शिरकत की जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनुज नागर ने की और संचालन नंदू बाल्मीकि ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए बलराज डूंगर ने कहा कि भारत के संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर भाजपा पूरे देश में 11 जनवरी से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान उत्सव के रूप में मनाएगी।इस अभियान का उद्देश्य भारत के संविधान में निहित मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना और संविधान समिति के अध्यक्ष भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करना है।मण्डल अध्यक्ष अनुज नागर ने कहा कहा कि भारत का संविधान गौरवशाली है, जो सभी नागरिकों के हितों की रक्षा करते हुए विकास की दिशा तय करता है।इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल मावी, राकेश त्यागी, वीरेंद्र गुर्जर, मुजाहिद साजो, मगन कसाना, विक्रांत त्यागी, संदीप त्यागी, नवनीत अग्रवाल, तारिक खान, सोहित गोयल, दानिश कस्सर, अमित सैनी, तारा चंद आदि भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में इनायत नगर तीसरी बार भी प्रदेश में प्रथम स्थान

वेलकम इंडिया

**मिल्कीपुर।** जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने में प्रदेश में इनायत नगर थाना ने तीसरी बार भी प्रथम स्थान हासिल किया है। शिकायतों की समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व उत्कृष्ट कार्य के लिए दो महिला कांस्टेबल को इनायत नगर थाने में सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई किया।




बता दें कि जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण में इनायत नगर थाना प्रदेश में लगातार तीसरी बार भी प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी तथा प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय के दिशा निर्देश में कम्प्यूटर पर जनसुनवाई पोर्टल की शिकायत का निस्तारण करने वाली महिला कांस्टेबल ज्योति कुमारी तथा स्वाति चौबे को प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय द्वारा डायरी व पेन देकर इनायत नगर थाने में सम्मानित किया गया।

प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि थाने में ज्योति कुमारी तथा सीओ कार्यालय में स्वाती चौबे ने मेहनत व लगन से जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज 311 शिकायतों को निस्तारित करा कर दोनों ने पूरे प्रदेश में इनायत नगर थाने को तीसरी बार भी प्रथम स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिनमें कुछ ऐसी शिकायतें भी मौजूद थीं जो कभी न निस्तारित होने वाली थी। लेकिन दोनों महिला कांस्टेबल ने शिकायत कताओं से बात करके गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण करा कर संतुष्ट किया है।

## कांधला के युवक की जनपद बागपत में हादसे में दर्दनाक मौत

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी मजदूर को ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आस पास के लोगों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी पच्चीस वर्षीय तैय्यब पुत्र मुकरीम जनपद बागपत के थाना सिंघावली अहीर के गांव तितरोदा में बन रहे सरकारी खाले पर मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। गुरुवार को युवक अपने कई साथियों के साथ मजदूरी का कार्य कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच कार्तिक पुत्र अनिल निवासी तितरोदा अपने ट्रैक्टर को तेज गति और लापरवाही से चलाता हुआ आया और खाले पर कार्य कर रहे मजदूर तैय्यब पुत्र मुकरीम को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# टाण्डा-रामपुर के बीच इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की विधायक से मांग

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** टाण्डा-रामपुर के बीच यातायात के साधनों की उचित सुविधा न होने से क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय आवागमन में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है।अपना दल एस के प्रदेश सचिव मोहम्मद वकील एडवोकेट ने क्षेत्रीय विधायक को पत्र भेजकर टाण्डा-रामपुर के बीच इलेक्ट्रिक बसों का संचालन कराये जाने की मांग की है।



अपना दल एस नेता मोहम्मद वकील एडवोकेट ने क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी को भेजे गए पत्र में कहा है कि टाण्डा-रामपुर के बीच यातायात के साधनों का कोई माकूल इन्तिजाम नहीं होने से क्षेत्र के लोगों विशेषकर दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों को जिला मुख्यालय आवागमन में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है।क्षेत्र के लोग जिला मुख्यालय आने जाने के लिए पूरी तरह बैटरी रिक्शा एवं ऑटो रिक्शा आदि वाहनों पर निर्भर हैं।अपना दल एस नेता ने विधायक से टाण्डा-रामपुर के बीच जनहित में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन कराए जाने की मांग की है।इसके अलावा उन्होंने रामपुर डिपो की रोडवेज बसों का संचालन रामपुर से वाया टाण्डा होकर उत्तराखंड के आसपास के नगरों काशीपुर, बाजपुर, कालाढोंगी, रामनगर और हल्द्वानी के लिए किये जाने की मांग करते हुए कहा है कि उक्त रूट्स पर बसों का संचालन क्षेत्रवासियों के लिए अत्यधिक लाभकारी होगा। इससे न केवल यात्रा की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि समय और धन की भी बचत होगी।इसके साथ ही उत्तराखंड के आसपास के नगरों तक लोगों का आवागमन आसान होगा।शिक्षा, रोजगार, और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ेगी।

## ओम शक्ति राइस मील पर अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी का हुआ भव्य स्वागत



**अमानीगंज।** भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने विधानसभा मिल्कीपुर के विकासखंड अमानीगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खंडासा में ओम शक्ति राइस मील पर संदीप मिश्रा की अगवाई में बैठक कर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा अयोध्या से आए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को फूल माला से सम्मानित किया गया। बैठक में श्री त्रिपाठी ने चुनावी प्रक्रिया के बारे में बताया। और संबोधन करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाई और जनता को मूल मंत्र दिया। बैठक का संचालन विजय पांडे ने किया। बैठक में उपस्थित कृपा शंकर मिश्रा, आलोक पांडे, रामधनी पांडे, दयानाथ पांडे, प्रधान प्रतिनिधि राम जी कौशल, रमेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अखंड पांडे, अवधेश तिवारी, सदानंद सिंह, बंशीधर दुबे आदि क्षेत्र के गड़ मान्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सरकारी राशन की दुकान का किया आकस्मिक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज नगर पालिका गौरीगंज के वार्ड वलीपुर खुर्दवा ब्लॉक गौरीगंज में स्थित सरकारी राशन की दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर स्टॉक का निरीक्षण किया इसमें कुल 119 कुंतल चावल 104 कुंतल गेहूं वितरण हेतु आया था जिसमें 89 बोरी गेहूं तथा 79 बोरी चावल की मात्रा उपलब्ध पायी गई शेष का वितरण किया जा चुका है।

कोटेदार द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में अंत्योदय के कुल 85 तथा पात्र गृहस्थी के 490 राशन कार्ड धारक हैं। जिलाधिकारी ने कोटेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन वितरण मानक के अनुरूप किया जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को अपने सामने ई पास मशीन के माध्यम से राशन वितरण प्रणाली का अवलोकन किया तथा लाभार्थियों से घटतौली, वितरण में अनियमित तथा ई केवाईसी की स्थिति की जानकारी ली व कोटेदार को निर्देशित किया कि समस्त लाभार्थियों को वितरण पर्ची की एक प्रति दें। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर रूफटॉप तथा फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराए जाने की अपील की।

# वैश्य समाजसेवा एवं हिन्दू महिला सेवा समिति व समाजिक पत्रकार एसोसिएशन ने सयुंक्त रूप से सम्मान समारोह का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में गुरुवार को वैश्य समाजसेवा उत्तर प्रदेश, हिन्दू महिला सेवा समिति व सामाजिक पत्रकार एसोसिएशन द्वारा सयुंक्त रूप से डॉक्टर्स, समाज सेवी व वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे अवधेश कुमार गुप्ता विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षक विशिष्ट अतिथि सुधांशु मोहन श्रीवास्तव के साथ वैश्य समाज के अध्यक्ष संरक्षक राजेन्द्र गुप्ता शिमला परिवार, अरविन्द सोनकर, दानिश सिद्दीकी संरक्षक गोपाल सिंह महासचिव ऐसोसिशन सुभाष चन्द्र अध्यक्ष मौजूद रहे। ऐसोसिशन के प्रथम सम्मान समारोह मे शहर के कई वरिष्ठ डॉक्टर ए के गुप्ता, डॉ उस्मान डॉ मनीष राज, विभिन्न क्षेत्रों मे समाज सेवा का




काम कर रहे समाज सेवियों मे रेनू श्रीवास्तव, सुषमा अग्रवाल, मोहनीश त्रिवेदी, मोहम्मद अरशद के साथ कई वरिष्ठ पत्रकारों मे गौतम सिंह, गोपाल सिंह, सिराज अहमद, अशोक यादव आदि कई लोगों का सम्मान अंगवस्त्र मोमेंटो व राम दरबार देकर किया गया।इस सम्मान के क्षणों मे ऐसोसिएशन के सभी पदाधिकारी महामंत्री प्रियंक वैश्य, उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष बाजपेई, कोषाध्यक्ष मंदीप जीनवाल, प्रचार मंत्री सलमान उमर, जिला अध्यक्ष अमर कृष्ण मिश्रा, महिला प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष रीता नाथ, महिला प्रकोष्ठ जिला महामंत्री निर्मला मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष वंदना त्रिपाठी सदस्य ज्योति अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।जिन लोगों के परिश्रम व सहयोग के लिये संस्था हमेशा आभारी रहेगी। जिनके कारण ऐसोसिशन का प्रथम सयुंक्त सम्मान समाहरो भव्यता से सम्पन्न हुआ। सम्मान समाहरो मे आयी सभी महिला पदाधिकारियो का भी ऐसोसिशन ने आभार व्यक्त किया। जिनके मंच संचालन व मंच व्यवस्था के चलते कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हो सका। साथ ही संस्था सभी सम्मानित हुये वरिष्ठजनों व सम्मानित लोगों का भी आभार व्यक्त करती है जिन्होंने अपने कीमती समय से समय निकलकर ऐसोसिशन के समरोह मे आकर समारोह की शोभा बढ़ाई। अंत मे संस्था ने सभी पत्रकार व छायाकार बन्धुओं का विशेष आभार व्यक्त किया।

## सभासद आशीष श्रीवास्तव ने सोहावल सीएचसी में किया कम्बल वितरण



**अयोध्या।** सोहावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत डॉक्टर प्रेमचंद भारती के साथ अस्पताल पहुंचकर ठंड से बचाव के लिए महिला मरीजों को कंबल वितरण किया गया ।इस अवसर पर सभासद आशीष श्रीवास्तव के साथ वरिष्ठ युवा भाजपा नेता मोनू सिंह आदि भी मौजूद रहे ।

# भाजपा सरकार की अनेकों योजनाओं को देख कांग्रेस के पेट में होता है दर्द गिरीश चंद्र शुक्ला

वेलकम इंडिया

**शुकुल बाजार अमेठी।** वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में मेरा संविधान मेरा गौरव, मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान के तहत रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन हुआ जहां भारतीय जनता पार्टी के लगातार पांच बार से जिला उपाध्यक्ष रह रहे वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला एवं मंडल उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश शुक्ला सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए तथा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश शुक्ला ने कहा की भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है। पिछले सात दशकों में, इसने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित किया है - जो भारत के शासन के मूल सिद्धांत हैं।



उन्होंने कहा मोदी सरकार और योगी सरकार के नेतृत्व में आज हर गरीब को मुफ्त में अनाज मिल रहा है, मुफ्त में 5 लाख तक का इलाज मिल रहा है, मुफ्त में आवास और स्वच्छ पेयजल मुहैया हो रहा है, आज गरीबों के कल्याण हेतु भाजपा सरकार अनेकानेक योजनाएं चल रही है तो कांग्रेस के पेट में दर्द हो रहा है। मंडल शुकुल बाजार में संविधान, स्वाभिमान कार्यशाला गिरीश चंद्र शुक्ला जी की अध्यक्षता में राम कुमार स्मारक इंटर कालेज शुकुल बाजार में संपन्न हुई, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उजेरे शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम प्रताप तिवारी, मंडल अध्यक्ष शंकर बक्स सिंह, सोशल मीडिया जिला संयोजक प्रशांत शुक्ला, मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्र, सेक्टर संयोजक अशोक कुमार शुक्ला, सेक्टर संयोजक विनय चौरसिया, सेक्टर संयोजक प्रशांत मिश्र, सेक्टर संयोजक पंकज त्रिपाठी, बूथ अध्यक्ष संत दुबे एवं बूथ अध्यक्ष कुमुद शुक्ला सहित सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीकापुर विधायक ने विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर अमित सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात किया।



उन्होंने मुख्यमंत्री से विधानसभा बीकापुर की विभिन्न सड़कों के नवनिर्माण, कई पुलों, कई पौराणिक मन्दिरों को पर्यटन हेतु सुंदरीकरण कराने, सिंचाई की सुविधाओं सहित जनपद अयोध्या में हो रहे विभिन्न विकास योजनाओं सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने गन्ना किसानों के लिए महत्वपूर्ण सड़क मसौधा सुचित्तगंज मार्ग के चौड़ीकरण और उच्चीकरण हेतु धन उपलब्ध कराने एवंम रौनाही ड्योढ़ी मार्ग के चौड़ीकरण और उच्चीकरण कराने के लिए मुख्यमंत्री जी को धन्यबाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक डॉक्टर अमित सिंह चौहान को सभी मुद्दों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

# डबल इंजन की सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कर रही कार्य : मुख्यमंत्री

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा ध्येय है कि किसानों की आमदनी बढ़े और किसान आर्थिक रूप से समृद्ध बने। प्रदेश के 70 प्रतिशत किसान ऐसे हैं, जिनके पास जमीन कम है। इसलिए उनके उत्थान के लिए भी खास रणनीति बनानी होगी। साथ ही किसानों को अधिक मुनाफा मिले, इसके लिए भी बजट में प्रावधान करने होंगे, ताकि किसानों को मजबूत बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री किसानों के उत्थान को लेकर आज जिला हिसार में बजट पूर्व परामर्श बैठक के तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रगतिशील किसानों से सुझाव ले रहे थे। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, हांसी विधायक विनोद भयाणा और नलवा विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित थे।

चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने वन टू वन किसानों से संवाद किया। पहले सेशन में 52 से ज्यादा सुझाव किसानों की तरफ से सुझाए गए। इसमें प्रगतिशील किसानों के अलावा कृषि विशेषज्ञ भी शामिल थे। दूसरे सेंशन में एफपीओ से जुड़े किसानों से चर्चा हुई। एफपीओ की फेडरेशन से जुड़े सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की चर्चा में जो सुझाव आए हैं, उन्हें बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए खास तौर पर काम कर रही है। सरकार इस बात पर विशेष ध्यान दे रही है कि किसान की आमदनी कैसे बढ़े, किसान कैसे मजबूत हो। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जीडीपी में 18 प्रतिशत योगदान कृषि क्षेत्र से है। हमारी सोच है कि किसानों के लिए कुछ ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे छोटी जोत वाले किसान की अच्छी आमदनी ले पाएं। इसी कड़ी में ई-मंडी और दूसरे विकल्प बनाये जा रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, उपायुक्त अनीश यादव, हिसार पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, नगर निगम कमिश्नर नीरज कुमार, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कंबोज, पूर्व मंत्री अनूप धानक, भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, हिसार जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, जिला परिषद सीईओ हरबीर सिंह सहित विभिन्न विभागों और यूनिवर्सिटी के अधिकारियों सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार ने ली एक ओर गौवंश की जान

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर।** नूरपुर ब्लाक क्षेत्र के गाँव पुरैना मे गाँव मे पूर्व दिशा मे गाँव का मुख्य तालाब है। जिसकी कई वर्षों से खुदाई न होने के कारण तालाब गन्दगी से भर गया है। तालाब की चारदिवारी भी नही है। तथा तालाब मे तरह तरह की घास तालाब मे जमी हुई है। जिसमे आये दिन आवारा गौवंश गिरकर दम तोड़ देते हैं। बुधवार की देर शाम तालाब मे तीन बेसहारा गौवंश तालाब मे फैली हरि घास को चारा समझकर तालाब मे गिर गये। ग्रामीणों ने बमुश्किल दो गौवंश को बचाया तथा एक गौ वंश कीचड़ मे बुरी तरह फस गया जो सुबह तक नही निकल सका। अंत मे उसने दम तोड़ दिया।

ग्रामीणों का कहना हैं कई बार उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर तालाब की चारदिवारी व साफ सफाई व खुदाई की मांग की गयी। ग्रामीणों का कहना है की ब्लाक के सचिव सोहित कुमार ने झूठी आख्या लगाकर अधिकारियों को भेज देते हैं।

गाँव के ही बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने तालाब की खुदाई व चारदीवारी के लिए बीडीयो व जिले के मुख्य विकास अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया था। तब सचिव सोहित कुमार ने गाँव मे ठेकेदार को भेजकर गाँव के लोगो को 40000 रुपए देकर तालाब से घास को निकलवाने का कार्य दिखा दिया। फोटो खींचकर ताबाब की साफ सफाई दिखा दी। ग्रामीणों ने तालाब की चारदिवारी व खुदाई के बारे मे बात की तो साफ मना कर दिया। आज तक तालाब की खुदाई व साफ सफाई नही हुई। बिजेन्द्र सिंह ने बताया सचिव सोहित कुमार ब्लाक मे मिलते नही फोन करो तो स्वीच ऑफ कर लेते हैं।

सोहित कुमार का व्यवहार व कार्यशैली बहुत खराब है। जिसकी शिकायत भाजपा जन प्रतिनिधि से भी की गयी। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही हुई। जिससे ग्रामीणों मे भारी आक्रोश है।

## 29 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को पानी टैंकर हस्तान्तरित किये राजीव सिंह पारीक्षा



**झांसी।** बबीना विधानसभा के विकास खण्ड कार्यालय पर पानी टैंकर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक राजीव सिंह पारीछा द्वारा विधायक निधि वर्ष 2024-25 से 29 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को पानी टैंकर हस्तान्तरित किये। विधायक ने कहा कि भीषण गर्मी में पीने के पानी की समस्या बढ़ जाती है तथा क्षेत्र में अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में पेयजल की समस्याओं से निजात दिलाने हेतु जन-कल्याण के प्रति हमारी यह प्रतिबद्धता आगे भी इसी प्रकार बनी रहेगी। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संजीव श्रृंगीऋषि जिला प्रभारी महोबा, बृजेन्द्र सिंह राजपूत (प्रतिनिधि) ब्लॉक प्रमुख बड़ागाँव, खण्ड विकास अधिकारी बबीना, जगत सिंह राजपूत, अजय राजपूत विधायक प्रतिनिधि, प्रबल राजपूत जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन, राजीव लोधी हीरापुर, पलविन्द सिंह नन्दा पूर्व मण्डल अध्यक्ष बबीना कैंट, मनोज साहू, रिंकू दांगी प्रधान, राहुल राजपूत प्रधान, सरोज देवी प्रधान जरवों, प्रियंक गौतम प्रधान खैलार, देवी सिंह प्रधान रूंद बलौरा, मुन्नी देवी प्रधान बधौरा, मनोज कुमार प्रधान दौन, दीनदयाल प्रधान बबीना, नरेन्द्र नरवरिया प्रधान वैदोरा सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# चाँद छाप नैनो यूरिया लाएगी कृषि में क्रांति: सनी दिवाकर

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** भारत में खाद्यानों के पर्याप्त उत्पादन में 1960 के दशक में हुई हरित क्रांति की एक बड़ी भूमिका रही है, इस हरित क्रांति को सफल बनाने में रासायनिक उर्वरकों की अहम भूमिका थी क इन रासायनिक उर्वरकों ने जहां एक ओर तेजी से उत्पादकता बढ़ाई, वहीं दूसरी ओर यही रासायनिक उर्वरक अपने साथ कुछ समस्याएं भी लेकर आए जैसे मिट्टी का स्वास्थ खराब करना, जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण जैसी समस्याओं की वजह से हरित क्रांति के समय वरदान माने जाने वाले रासायनिक उर्वरक धरती मां के स्वास्थ पर भी बुरा असर डाल रहे हैं, और उपरोक्त समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए भारतवर्ष में बेहतर क्रांतिकारी उत्पाद नैनो यूरिया का आविष्कार हुआ हैक भारतवर्ष की प्रमुख यूरिया उत्पादक कंपनी चांद छाप ने भी अब नैनो यूरिया के क्षेत्र में प्रवेश कर लिया है। 45 किलो की पारंपरिक यूरिया की एक बोरी में जितना नाइट्रोजन होता है, उतने ही नाइट्रोजन की आपूर्ति चांद छाप नैनो यूरिया के आधे लीटर की एक बोतल के जरिए हो जाती है। कृषि में आयी इसी नयी क्रांति के बारे में जन साधारण को अवगत कराने के लिए देश के अग्रणी उर्वरक निमार्ता ब्रांड चाँद नैनो छाप यूरिया के द्वारा आज दिनांक 09-01-2025 को (जिला मेरठ और तहसील ,मेरठ) में जिले के प्रमुख खादडीलरों, रिटेलरों, किसानों, और ग्रामीणों की एक विशाल जन सभा आयोजित की गयी। जिसमें चाँद छाप नैनो यूरिया से सम्बंधित विज्ञापन गीत एवं शानदार फिल्म दिखायी गयी जिसे उपस्थित डीलरों, रिटेलरों, किसानों, और ग्रामीणों जनमानस ने खूब सराहा और प्रशंसा की।

इस अवसर पर पर चाँद छाप नैनो यूरिया के एरिया मैनेजर सनी दिवाकर चौधरी उपस्थित डीलरों, रिटेलरों, किसानों, और ग्रामीणों के विशाल जन समूह को बताया कि चाँद छाप नैनो यूरिया साधारण दानेदार यूरिया के प्रयोग से उत्पन्न पर्यावरण संबंधी समस्याओं को हल करने में सहायक है

श्री दिवाकर चौधरी ने यह भी बताया की ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों के किसानों के लिए खेत तक यूरिया पहुंचना एक बहुत बड़ी चुनौती होती है साथ ही कंपनी और किसानों को यूरिया के बोरियों के ट्रांसपोर्टेशन और स्टोरेज में काफी पैसा खर्च करना पड़ता है, चांद छाप नैनो यूरिया की बोतल इन सारी समस्याओं का समाधान कर पाने में सक्षम है।

प्रदेश भर में फैले हुए अपने 300 से भी ज्यादा डीलर्स और 10000 से भी ज्यादा रिटेलर्स की मदद से कंपनी ने यह व्यवस्था की है कि किसानों को चांद छाप नैनो यूरिया आसानी से उपलब्ध हो सके। चांद छाप नैनो यूरिया कृषि में बढती हुई क्रांति के साथ कदम से कदम मिलाकर किसानों की मदद करते हुए उनकी उपज में सुधार लाते हुए धरती मां के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए संकल्पबद्ध है। इस अवसर पर कम्पनी के डीलर्स एवं कम्पनी के विभिन्न अधिकारी श्री दिवाकर चौधरी, कपिल गौतम, कर्ण शर्मा (भूमि खाद भण्डार इरीगेशन), जयचन्द शर्मा भी उपस्थित थे।

# जुगनू चौधरी जिला प्रतिनिधि और निशांत कर्णवाल मंडल अध्यक्ष बने



**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर युवा एवं कर्मठ कार्यकर्ता जुगनू चौधरी को जिला प्रतिनिधि और निशांत कर्णवाल को नूरपुर मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया। जुगनू चौधरी व निशांत कर्णवाल के मनोयन से कार्यकताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है तथा बधाई देने वालों का तांता लगा है।

जुगनू चौधरी व निशांत कर्णवाल सभी की मदद करने में हमेशा आगे रहते हैं। नगर व क्षेत्र में अपनी अच्छी पकड़ रखते हैं इसी को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जुगनू चौधरी को जिला प्रतिनिधि व निशांत कर्णवाल को नूरपुर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है।

जुगनू चौधरी व निशांत कर्णवाल ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है वह उस पर खडा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे और पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी के लिए काम करेंगे। संगठन को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## कैंट बोर्ड का अवैध निर्माण पर चला हथौड़ा, दी चेतावनी पुनः निर्माण हुआ तो होगी सीलिंग की कार्रवाई



**मेरठ।** धर्म शाला की भूमि पर अवैध निर्माण की सूचना पर कैंट बोर्ड सीईओ जाकिर हुसैन के निर्देश पर जेई अवधेश यादव के नेतृत्व में गुरुवार को दिन निकलते ही कैंट बोर्ड का ध्वस्तीकरण स्क्वाड भारी पुलिस बल के साथ भूसा मंडी स्थित दुर्गा मन्दिर धर्मशाला में अवैध निर्माण पर कार्रवाई करने पहुंचे। कैंट बोर्ड के अमले को देखकर अवैध निर्माण कर्ता में भगदड़ मच गई कैंट बोर्ड कर्मचारियों ने अवैध निर्माण पर धन बजाना शुरू किया तो निर्माण कर्ताओ व उनके सहयोगियों ने इस कार्रवाई का विरोध करने की कोशिश की तो मौके पर मौजूद पुलिस फोर्स ने उन्हें पिछे धकेल दिया। इस कार्रवाई से अवैध निर्माण कताओं में हड़कंप मच गया। वहीं एई पीयूष गौतम ने बताया सलीम शादाब द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कारवाई की गई है तथा निर्माण कताओं को चेतावनी दी गई है कि आगे अवैध निर्माण किया तो विभाग सीलिंग की कार्रवाई करेगा।

# व्यापार मंडल ने नवागत एसडीएम का किया स्वागत

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को नवागत उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा का स्वागत किया। उपजिलाधिकारी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

बृहस्पतिवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारी एकत्र होकर तहसील पहुंचे जहां उन्होंने नवागत उपजिलाधिकारी कुमार गौरव से शिष्टाचार मुलाकात की और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

मालूम हो कि जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बुधवार को उपजिलाधिकारी टाण्डा विकास कुमार वर्मा का डिप्टी कलेक्टर रामपुर के पद पर स्थानांतरण कर दिया है। उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर कुमार गौरव को टाण्डा का उपजिलाधिकारी बनाया गया है। बृहस्पतिवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर नवागत उपजिलाधिकारी का गर्मजोशी से स्वागत किया और व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत भी कराया।

एसडीएम ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी कोई भी समस्या हो, उसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद शकील, हाजी मुशर्रफ अली, हाजी अब्दुल समद, सभासद नेता तस्लीम, सलीम कसगर और मोहम्मद अली आदि मौजूद रहे।

# गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग एवं कॉलोनियों पर हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण का चला पीला पंजा

**वेलकम इंडिया**



**हापुड।** गढ़मुक्तेश्वर पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निमाणी / अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध की गई सख्त कार्यवाही से अवैध कॉलोनाइजरों में मचा हड़कंप। आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में अवैध कॉलोनाइजरों के द्वारा बगैर नक्शा स्वीकृत के की जा रही प्लाटिंग एवं अवैध निर्माण पर प्रवीण गुप्ता, प्रभारी सचिव / सक्षम अधिकारी, एच०पी०डी०ए० के दिशा निर्देशन 5 अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जिसमें (1) दिनेश, मांगेराम एवं महिपाल सिंह की ग्राम बदरखा, ली-ग्रान्ड होटल के बराबर में एन०एच०-09, गढ़मुक्तेश्वर में 10000 वर्ग मीटर पर की जा रही अवैध प्लाटिंग का मानचित्र स्वीकृत नहीं। (2) राजकुमार भाटी, मौ० इसरत अली और फराहिम आदि, एन०एच०-09, खसरा सं०-1167, ग्राम अठसैनी, गढ़मुक्तेश्वर 8800 अवैध प्लाटिंगमानचित्र स्वीकृत नहीं। (3) कृष्णवीर सिंह पुत्र कृपाल सिंह ग्राम बदरखा, खसरा सं०-153, गढ़ मुक्तेश्वर 3000 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग मानचित्र स्वीकृत नहीं। (4) मौ० मुजाहिद पुत्र ताहिर अली, कमरे आलम एवं आनन्द दीप सिंह ग्राम गढबांगर, इन्द्रा नगर कॉलोनी के सामने, गढ़मुक्तेश्वर 25000 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग मानचित्र स्वीकृत नहीं।

(6) कृष्ण गोपाल अत्री पुत्र हुकुमचन्द अत्री व डीलर, महावीर सिंह ग्राम गढबांगर, वन विभाग, कार्यालय के निकट, गढ़मुक्तेश्वर 12000 वर्ग मीटर पर अवैध प्लाटिंग बगैर मानचित्र स्वीकृत पाए जाने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन अम्बरीश कुमार शर्मा, अवर अभियन्ता पीयूष जैन एवं देशपाल सिंह एवं प्राधिकरण का सचल दस्ता सम्मिलित थे। सचिव, हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण / विकास कर्ताओ को पुनः चेतावनी दी जाती है कि वह अवैध निर्माण/विकास को तत्काल रोककर हापुर पिलखुआ प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर ही निर्माण / विकास करें। अन्यथा प्राधिकरण द्वारा सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने के साथ-साथ ऐसे अवैध निर्माण कर्ताओ / विकास कर्ताओ के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## राणा फार्म हाउस में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने संविधान गौरव अभियान के चलते हुई बैठक



**हापुड़।** जनपद के गांव डहाना मे हापुड़ देहात मंडल की बैठक संविधान गौरव अभियान के ड़हाना राणा फार्म हाउस में अभियान के जिला संयोजक मोहन सिंह जी जिलामंत्री, जिला सहसंयोजक पवन सैनी जिला मंत्री, मंडल अध्यक्ष दिनेश त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहा। इस अवसर पर सहसंयोजक महेंद्र कोरी, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह शिशोदिया, अमित चौधरी, डॉ के पी राणा, राजीव शिशोदिया, शैलेंद्र राणावत, अमित शिशोदिया, सरवन तोमर, अशोक शर्मा, ताहिर त्यागी, मोहित राणा, प्रेमपाल प्रधान, विपिन राणा, सुशील कुमार, संजय शिशोदिया, यशवीर सिंह, मनोज गोयल, रामवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, विक्की राणा, सुधा राणा, राहुल खटीक, धर्मपाल चौधरी, राजेंद्र प्रधान, सतपाल फौजी, कुलदीप राणा, ललित, प्रियांशु आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामाशीष राय एक कुशल शिल्पीकार : अजयवीर चौधरी



**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा 24 के पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय लोक दल के कर्मठ व यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के नेतृत्व में पार्टी का संगठन पश्चिम से लेकर पूर्वांचल में जालौन चंदौली महाराजगंज तक मजबूती के साथ खड़ा है।

इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी जयवीर सिंह एडवोकेट, सरदार रविंदर सिंह, दीपक सक्सेना, अशोक चौधरी, विनीत चौधरी, पियूष चौधरी, अनुज चौधरी आदि ने एक दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन मनाया।

# व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में तीन टीमों का गठन

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** व्यापारी ने रंगदारी मामले के मामले में पुलिस ने व्यापारी को सुरक्षा मुहैया कराने के साथ - साथ मामले में तीन टीमें गठित कर मामले में जांच शुरू कर दी है। वही घटना की जानकारी के बाद पीडित के घर उसके शुभचिंतक पहुंचकर उसे सांत्वना देते नजर आएं।

सोमवार की रात्रि नगर के जाट कॉलोनी में हॉर्डवेयर व टाईल्स की दुकान करने वाले व्यापारी आबिद सैफी के पास रात्रि के समय एक अंजान नंबर से कॉल आई थी, कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को पानीपत का बदमाश सुरेन्द्र काला बताते हुए व्यापारी से 50 लाख रूपए व काले रंग की फॉर्च्यूनर कार की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी मांगन वाले ने व्यापारी को 24 घंटे की समय देते हुए उसकी मांग ना मांगने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। व्यापारी के द्वारा बुधवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ थाने पहुंचकर घटना की सूचना थाना प्रभारी क्षितिज कुमार को देते हुए कार्यवाही की मांग की थी। जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने व्यापारी की सुरक्षा में दो पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी है। वही मामलें में तीन टीमों को घटना के खुलासे में लगाया है। पुलिस घटना में कई बिन्दुओं को आधार बनाकर मामले की जांच कर रही है, मामले में थाना प्रभारी क्षितिज कुमार का कहना है कि जल्द ही घटना का पटाक्षेप कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



## एडीजी ने ली घटना की जानकारी

व्यापारी से रंगदारी मांगने की घटना को पुलिस प्रशासन ने पूरी गंभीरता से लिया है। गुरूवार को मामले में एडीजी अमिताभ यश ने थाना प्रभारी क्षितिज कुमार ने मामले की पूरी जानकारी ली, तथा पुलिस की प्रगति रिपोर्ट के बारे में पूछा। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार ने उन्हें बताया कि प्रथम दृष्टया किसी व्यक्ति ने सुरेन्द्र काला का नाम लेकर व्यापारी को फोन किया था। घटना में सुरेन्द्र काला से पूछताछ की जानकारी एडीजी को देते हुए उन्होंने घटना में प्रयुक्त नम्बर व कॉलर के कॉल करने के स्थान के बारे में जानकारी दी। बाद में एडीजी ने थाना प्रभारी क्षितिज कुमार को मामले को गंभीरता से लेने के साथ व्यापारी की सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जांच के लिए टीम पहुंची पानीपत

**कांधला।** पीडित व्यापारी आबिद सैफी को धमकी देने वाले बदमाश ने खुद को पानीपत का सुरेन्द्र काला बताया था। जिसके बाद घटना में बनाई गई टीमें सुरेन्द्र काला के प्रतिष्ठान पर गई तथा वहां उससे घटना के बारे में जानकारी ली। जांच में पुलिस को पता चला कि सुरेन्द्र काला के खिलाफ पूर्व में कोई भी रंगदारी या लूट का कोई भी अभियोग पंजीकृत नही है, ना ही उसके द्वारा आबिद को कोई कॉल की है। सुरेन्द्र काला ने जांच में पुलिस को सहयोग करने का आश्वासन देते हुए बताया कि उसका अपने व्यापार के सिलसिले में पारिवारिक लोगों से मतभेद है। जिसके चलते उसके ऊपर पारिवारिक मुकदमें है। जिसके बाद पुलिस ने पानीपत पुलिस ने सुरेन्द्र काला का अपराधिक इतिहास भी खंगाला।

# चुनाव प्रचार प्रसार हेतु चुनावी रथों को मुख्य चुनाव कार्यालय से झंडी दिखाकर रवाना किया



**वेलकम इंडिया**

**हरिद्वार।** हरिद्वार चुनावी प्रचार को गति प्रदान करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सभी वार्डों में चुनाव प्रचार प्रसार हेतु चुनावी रथों को मुख्य चुनाव कार्यालय से झंडी दिखाकर रवाना किया।

नगर विधायक मदन कौशिक ने चुनावी प्रचार रथों की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओ को देते हुए कहा कि कार्यकर्ता इन प्रचार रथों के माध्यम से क्षेत्र के प्रत्येक घरों तक पहुंचकर भाजपा की नीतियों एवं विकास योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर बताएं कि भाजपा और विकास एक दूसरे के पूरक हैं। भाजपा ही मात्र एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास नारे को साथ लेकर अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम करती है। हरिद्वार नगर निगम चुनाव प्रभारी ज्योति गैरोला ने कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ है और कार्यकताओं के दम पर ही भाजपा आज इस स्थान पर पहुंची है।

कांग्रेस जैसे दल भाजपा के सामने खड़े होने से भी कतराने लगे हैं और उनको अपनी हार सुनिश्चित दिखाई देने लगी है। कार्यकताओं को जीत के इस आंकड़े को बढ़ाने के लिए भरसक मेहनत करनी होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने कहा कि निकाय क्षेत्र के भ्रमण के दौरान दिखाई देने लगा है कि भारतीय जनता पार्टी की लहर किस प्रकार आगे बढ़ने का बढ़ रही है। जन-जन का समर्थन और आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को निरंतर मिल रहा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री आशु चौधरी पूर्व मेयर मनोज गर्ग, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अरोड़ा विमल कुमार विकास तिवारी अनु कक्कड़ लव शर्मा विशाल गर्ग आभा शर्मा सुभाष चंद्र नितिन चौहान रंजना चतुवेर्दी प्रीति गुप्ता दीपक मिश्रा संजना शर्मा मनोज शर्मा हीरा सिंह बिष्ट तरुण चौहान सुनील सैनी चंद्रशेखर कुर्ल डॉ हिमांशु पंडित अनिल अरोड़ा देवेंद्र चावला जगदीश लाल पाहवा सुनील सैनी अनिल पुरी अभिषेक गुप्ता मनीष गर्ग पंकज छाबड़ा अश्वनी चौहान संगीता गिरी सरोज जाखड़ मंजू शर्मा मृदुल कौशिक सत्यनारायण शर्मा विष्णु शर्मा सुषमा चौहान अमिता गुप्ता प्रिया गुप्ता सुरेश शर्मा राजन मेहता अभिनंदन गुप्ता मनोज वर्मा अंकुर पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

# लालकुआं : निर्दलीय अध्यक्ष पद उम्मीदवार माजिद अली के कार्यालय का शुभारंभ



**वेलकम इंडिया**

**लालकुआं।** नगर पंचायत अध्यक्ष पद के निर्दलीय उम्मीदवार माजिद अली आज बुधवार को अपने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कर दिया है। इस अवसर पर भारी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

आज बुधवार को नगर पंचायत लालकुआं से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार माजिद अली के रेलवे बाजार वार्ड नंबर 06 में खोले गए कार्यालय का शुभारंभ मौलाना अब्दुल हफीज द्वारा किया गया। इस अवसर पर उम्मीदवार माजिद अली ने लालकुआं की जनता से जीत का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि वह जनता से जुड़े उम्मीदवार हैं और जिस तरह से महिलाएं, युवा और समाज के हर वर्ग का उन्हें समर्थन और आशिर्वाद मिल रहा है। वे अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। उम्मीदवार माजिद अली ने कहा कि अध्यक्ष बनते ही वे नगर पंचायत लालकुआं की ओर से गरीबों को निशुल्क रोजाना भोजन कराने का कार्य सबसे पहले करेंगे। साथ ही लालकुआं में लंबे समय से रूके हुए विकास कार्यों और नगर की कई ज्वलंत समस्याओं को दूर करेंगे। उन्हें उम्मीद है कि जनता उनका समर्थन करेगी। तथा जनता के कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले उम्मीदवार को ही जितायेगी। कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पर मानव सेवा समिति के अध्यक्ष फिरोज खान, मौलाना अब्दुल हफीज, महेंद्र कुमार, सईद सिद्दीकी, सज्जू खान, रक्कन खान, अफसर हुसैन, रईस सिद्दीकी, आदिल खान, राकेश कुमार, बबलू, महारत्न और बाबू खान समेत भारी संख्या में महिलाएं और गणमान्य एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# समाधान शिविरों से बढ़ी प्रशासनिक कुशलता व जन सहभागिता : डीसी



**वेलकम इंडिया**

**रेवाड़ी।** उपायुक्त अभिषेक मीणा ने जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन समस्याओं का तुरंत समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों का मौके पर निपटारा करना ही इन शिविरों का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से समाधान शिविर में हर नागरिक की हर समस्या का निदान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में जन सेवा को समर्पित समाधान शिविर का जिले में प्रत्येक कार्य दिवस पर आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह शिविर न केवल शिकायतों के प्रभावी समाधान का माध्यम है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देने का एक प्रभावी प्रयास है।

डीसी ने समाधान शिविर में एडीसी अनुपमा अंजलि, सीटीएम प्रीति रावत के साथ नागरिकों की परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें सुनते हुए उनका समाधान कराया। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार लोगों की शिकायतों का मौके पर निदान करने के उद्देश्य से ही समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है।

# डिजिटल परियोजनाओं का मुख्यमंत्री धामी ने किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**

**देहरादून।** 8 फरवरी 2025 आईटीडीए और निक द्वारा विकसित की गई विभिन्न डिजिटल परियोजनाओं का मुख्यमंत्री ग्रामीण शुभारंभ किया डिजिटल उत्तराखंड वन स्टेट वन पोर्टल एस 3 वास फ्रेमवर्क वेबसाइट और नियर डिजास्टर रिकवरी सेंटर उद्घाटन को डिजिटल डेस्टिनेशन बनाने में होंगे सहायक सरकार की परियोजना और कार्यक्रमों तथा विभागों की सेवाओं और कार्यों की जानकारी सभी ताल इन वन पोर्टल पर होगी उपलब्ध मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सचिवालय में सूचना प्रौद्योगिकी की विभाग और निक द्वारा विकसित की गई विभिन्न डिजिटल परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा और डेटा सुरक्षा की चुनौतियों तथा डिजिटल युग में सार्वजनिक सेवाओं को अधिक दक्ष तीव्र समावेशी बनाने के लिए नई



तकनीक को आत्मसात करते हुए आईटीडीए और निक द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किए गए हैं जिससे आम जनमानस को ऑल इन वन की तर्ज पर एक ही प्लेटफार्म आसानी से विभिन्न प्रकार की सेवाएं मिल सकेंगे विभाग के कार्यों की प्रगति ऑनलाइन देखी जा सकेगी जिससे पारदर्शिता और जवाब देही में वृद्धि होगी उन्होंने कहा कि २३ वी एसफ्रेमवर्क में बनी समस्त विभागों की वेबसाइट साइबर सुरक्षा की दृष्टि से एक मेल का पत्थर साबित होगी मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण बात है कि राज्य में आईटीडीए को यूआईडी द्वारा ए ऊ ए अथॉरिटी स्टेशन उसर एजेंसी की तरह बनाया गया है इसके उपरांत आधार ऑथेंटिकेशन एवं ई केवाईसी की संबंधित सेवाएं राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा विकसित किए गए पटलो जैसे कि उच्च वर्चुअल रजिस्ट्री आदि के माध्यम से प्रदान की जा सकेगी मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से राज्य डाटा सेंटर के अधीन सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर 24 स्टार 7 कार्यरत यह कदम उत्तराखंड राज्य के अंतर्गत डिजिटल सिस्टम को और भी सशक्त और बेहतर किया जाने का सराहनीय प्रयास है मुख्यमंत्री ने डिजिटल डिजिटलीकरण के बेहतर इंप्लीमेंटेशन के लिए सभी विभागों को बेहतर सेटअप बनाने के निर्देश दिए उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपनी विभागीय सूचनाओं को अपडेट रखें उन्होंने आईटीडीए को निर्देशित किया कि विकसित किए गए नए प्लेटफार्म पर सुगमिता और तेजी से कार्य करने के लिए सभी विभागों का मार्गदर्शन करें।

# भाजपा नेता सत्येन्द्र त्यागी को ओशो द्वारा लिखित पुस्तक भेंट की



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** देश के महान दार्शनिक रजनीश उर्फ ओशो के परम शिष्य स्वामी योगप्रीत उर्फ नवाब सोनी ने ओशो के उपदेशो के प्रचार प्रसार के लिए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्येन्द्र त्यागी को ओशो द्वारा लिखित पुस्तक भेंट की।

स्वामी योगप्रीत ने ओशो को महान दार्शनिक बताते हुए कहा कि उनके बताए रास्ते का अनुसरण कर ही देश का विकास और दुनिया में भाईचारा और मोहब्बत कायम की जा सकती हैं। वे यह पुस्तक क्षेत्र के शिक्षाविदों के साथ ही गणमान्य लोगों को उपलब्ध करा रहे हैं। जिससे ओशो के उपदेशों को समाज तथा प्रमुख लोगों तक पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं आरएसएस के प्रचारक आनंद गोयल भी मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन के जिला संरक्षक बने अरविंद कुमार शुक्ला



**वेलकम इंडिया**

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** भारतीय किसान यूनियन की पंचायत का आयोजन बांसी ब्लॉक मे किया गया। जिसमें भारतीय किसान यूनियन के द्वारा संगठन के नये जिला संरक्षक अरविंद कुमार शुक्ला को बनाया गया। अरविंद कुमार शुक्ला जो मूल रुप से ग्राम कर्मा विकासखंड उसका बाजार के निवासी है।

जिन्होंने सैकड़ो की संख्या में किसान बांसी ब्लॉक में किसान यूनियन की पंचायत में उपस्थित हुए। भारतीय किसान यूनियन में सर्व समिति से अरविंद कुमार शुक्ला को जिला संरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारी ने निर्णय का स्वागत किया और फूल मालाओ से जिला संरक्षक अरविंद कुमार शुक्ला का जोरदार स्वागत किया गया। अरविंद कुमार शुक्ला ने कहा संगठन के पदाधिकारियों द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे सौपी गयीं है उसे मै पूरी निष्ठा व लगन के साथ पूरा करूंगा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों मे उपेंद्र कुमार यादव जिला सचिव, घनश्याम चौरसिया तहसील अध्यक्ष, अरविंद चौधरी जिला उपाध्यक्ष आदि तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दो भारी वाहनों की टक्कर में डीजल टैंक फूटा, तापमान में कमी होने से नहीं हुई आगजनी

**वेलकम इंडिया**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाइवे नम्बर 24 पर बुधवार सुबह करीब साढे 4 बजे घटित सडक हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महेंद्रगढ की ओर से एक भारी वाहन कनीना की ओर जा रहा था जबकि वैसा ही एक वाहन सामने से आ रहा था। वाहन जब पूजा फिलिंग स्टेशन के समीप पंहुचे तो उनमें आमने-सामने की भिडंत हो गई। इस टक्कर में एक वाहन का डीजल टैंक फूट गया, जिससे सडक पर तेल बिखर गया। गनीमत रही तापमान में गिरावट होने की वजह से आगजनी की घटना न हो सकी। अन्यथा भारी नुकसान हो सकता था, बडा हादसा टल गया।



दूसरा वाहन भी शीशे चटकने के साथ-साथ क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद सडक पर खडे वाहनों के कारण सडक जाम की स्थिति बन गई। राहगीरों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस तथा फायर ब्रिगेड को दी। जिन्होंने कुछ समय बाद ही मौके पर पंहुच कर मोर्चा संभाला। पुलिस ने एक वाहन में फंसे चालक व परिचालक को निकाल कर उप नागरिक अस्पताल कनीना मे दाखिल कराया जबकि दूसरे वाहन का चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस तथा दमकल कर्मियों ने जेसीबी मशीन की मदद से दोनों वाहनों को साइड कर यातायात बहाल कराया। कनीना शहर थाना पुलिस पुलिस इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने प्रमुख स्थानों पर जलवांए अलाव

**वेलकम इंडिया**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के भयंकर ठण्ड को देखते हुए चेयरमैन उमा अग्रवाल के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मियों द्वारा नगर पंचायत के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था पिछले एक महीने से चल रहा है ताकि ठण्ड की मार से लोगों को राहत मिल सकें। उक्त की जानकारी देते हुए सुपरवाइजर मुकेश गौड़ ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के छतहरी, रेलवे स्टेशन, थाना शोहरतगढ़, तिरंगा तिराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य




केन्द्र, विवाह घर, पुलिस बूथ, गोलघर, धर्मशाला मोती नेता चौराहा, भारत माता चौक मस्जिद टोला सहित 100 स्थानों पर अलाव जलाया गया है। साथ ही बताया कि नगर पंचायत द्वारा वार्ड नम्बर 4 दशरथ नगर (गड़ाकुल) में रैन बसेरा की सुविधा उपलब्ध है, ताकि राहगीरों एवं जरूरतमन्दों को लाभ मिल सकें। जल रही अलाव की व्यवस्था को लेकर शोहरतगढ़ चेयरमैन उमा अग्रवाल से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवाया जा रहा है। जैसे-जैसे ठण्ड बढ़ेगी और भी सार्वजनिक स्थानों पर भरपूर मात्रा में अलाव जलवाया जायेगा। इस दौरान प्रमुख रूप से लिपिक राजेश कुमार त्रिपाठी, सुपर वाइजर मुकेश गौड़, मनोज चौहान आदि मौजूद रहें।

# चीनी मांझे की चपेट में आने से बच्चा और बुजुर्ग घायल

**वेलकम इंडिया**

**हरिद्वार।** चीनी मांझे की वपेट में आकर एक बच्चा और एक बुजुर्ग बुरी तरह से घायल हो गए। चीनी मांझे से बच्चे का हाथ एक कटी पतंग की डोर पकड़ते समय कट गया। वहीं दूसरी ओर एक बुजुर्ग सड़क पर पड़े चीनी मांझे में बुरी तरह उलझ गये और उनके पांव पर गहरा घाव हो गया। दोनों घायलों का उपचार अस्पताल में कराया गया है। बताते चलें कि करीब एक सप्ताह पूर्व हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार चीनी मांझे की चपेट में आकर गर्दन कटने से उसकी मौत हो गई थी। जिसके तत्काल बाद पुलिस प्रशासन की ओर से चीनी मांझे के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान चलाया गया। भारी मात्रा में पुलिस ने चीनी मांझा जब्त किया और कई दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बावजूद इसके शहर से लेकर देहात क्षेत्रों की दुकानों पर चीनी मांझे की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। यही कारण है कि लोग लगातार चीनी मांझे की चपेट में आकर लोग घायल हो रहे हैं। रुड़की में रामनगर कॉलोनी निवासी मनन तनेजा उम्र 12 वर्ष चीनी मांझे की चपेट में आने से घायल हो गया। बताया गया है कि घटना उस समय हुई जब एक पतंग कटकर जा रही थी, मनन ने पतंग को पकड़ने का प्रयास किया तो चीनी मांझे से उसके हाथ की दो उंगलियों में गहरा कट लग गया। वहीं रामनगर गली नंबर 6 निवासी इंद्र कुमार जब सुबह के समय किसी काम के लिए क्षेत्र में ही पैदल जा रहे थे, तो रास्ते में पड़ा चीनी मांझा उनके एक पांव में उलझ गया। उन्होंने जब पांव से मांझे को खींचकर हटाने का प्रयास किया तो पांव में गहरा कट लग गया। जिसके बाद उन्हें भी तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

हालांकि प्रशासन द्वारा चीनी मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से रोक के आदेश हैं। बावजूद इसके चीनी मांझे की बिक्री की जा रही है।



# राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं मे प्रतिभाग करने वाले छात्र सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर विद्यालय को गौरवान्वित करने वाले विद्यालय के खिलाड़ियों को डॉ के एन मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन प्रोफेसर (डॉ) डी के मोदी ने विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ट्रैक सूट, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित करते हुए अच्छे नागरिक बन राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान चेयरमैन ने छात्रों से उनके करियर के बारे में बातचीत करते हुए उन्हें करियर संबंधी आवश्यक टिप्स भी दिए। विदित हो कि विद्यालयी प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्रों (खिलाड़ियों) हर्ष , मयंक, (राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग) यश, रिशभ कराटे, राहुल, तुषार ,विवेक, तुषार खो खो, अक्षित तैराकी, निशांत एथलेटिक्स, आर्यन, विवेक दहिया, अर्णव भारद्वाज बैडमिंटन, जिगर अहिरवार टेबल टेनिस, चेतन, नमन, गगन फुटबॉल, आदि को राष्ट्रीय/ प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए पुरस्कृत किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल ने बताया खिलाड़ी छात्रों ने अपने अपने वर्गों में अपने परिवार के साथ साथ अपने जनपद, मंडल और प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा से गौरवान्वित किया। अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन कर अपने विद्यालय ओर अपने प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने तथा राष्ट्र के विकास में योगदान देने की अपील की। विद्यालय के ऊजार्वान खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।कार्यक्रम का कुशल संचालन कर रहे अंग्रेजी प्रवक्ता एवं एन सी सी अधिकारी प्रवीण कुमार जैनर ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम और उच्च स्तर पर गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया।

इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल एवं शिक्षकों ने चेयरमैन को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट को किया तथा विद्यालय के छात्रों ने शिक्षकों के निर्देशन में बनाए हुए विद्यालय का मॉडल एवं राम मंदिर भेंटकर चेयरमैन साहब का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत और अभिनन्दन किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक टी पी सिंह, आर के सिंह, दिनेश कुमार, योगेश शर्मा, लै० राजीव जॉगिड, गौरव त्यागी ,राजगोपाल कसाना, राजीव कुमार ,अनिल कुमार, संजीव कुमार, राहुल त्यागी , सीमा सिंह ,डॉ नीतू, रूमा चौधरी, वर्षा चौधरी, शिवानी, नीता शर्मा, अनीता अग्रवाल, योगेंद्र कुमार, डा ए के जैन, सुधीर शर्मा, नरेंद्र कुमार , धर्म वीर , अजय, सुशील,, सतीश कुमार आदि प्रमुख रहे।

# इनर व्हील क्लब मोदीनगर ने मनाया नया साल



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** इनर व्हील क्लब मोदीनगर ने नया साल का जश्न मनाया व पत्रकारों को भेंट देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना कर मीना तायल, बीना शर्मा ,सुनीता शर्मा, जी के द्वारा किया गया। रितु अग्रवाल, सरिता जैन, रेनू चौधरी ने टीका लगाकर सभी का स्वागत किया। मंच संचालन प्रतिभा गांधी ने बड़ी खूबसूरती के साथ किया। क्लब अध्यक्ष आशा बंसल ने आए हुए सभी पत्रकारों को नए साल की शुभकामनाएं दी । आशा बंसल ने कहा कि ₹पत्रकारिता समाज का आईना है, जो सच्चाई को बेबाकी से सामने लाने का साहस रखती है।

पत्रकार बंधु न केवल खबरों के वाहक हैं, बल्कि जनमत निर्माण और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के आधार स्तंभ भी हैं। उनकी निष्पक्षता, मेहनत और सच्चाई के प्रति प्रतिबद्धता को हम नमन करते हैं। सत्य और न्याय के इस अलख को जलाए रखने के लिए उनका योगदान अमूल्य है।₹डॉ रीता बक्शी जी ने बताया कि इनर व्हील क्लब मोदीनगर को समाज में अपना योगदान देते हुए 45 साल हो गए है। वंदना गर्ग पाखी व अनन्या की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए रिचा बंसल, वंदना गर्ग व प्रतिभा गांधी के द्वारा कराए गए खेलों ने सबको मशगूल रखा। मीनाक्षी भटनागर ने अपने संगीत के द्वारा सभी का मन मोह लिया । कार्यक्रम में साधना नेहरा , विशाखा मित्र उर्मिला गुप्ता, विभा सिंघल पूनम गर्ग, एकता चौधरी पिंकी जी का विशेष योगदान रहा।

# गिन्नी देवी मोदी कॉलेज में सड़क सुरक्षा विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अध्यक्ष कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर पूनम शर्मा रही। कार्यक्रम का मंच संचालन पुस्तकालय विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रेरणा उपाध्याय द्वारा किया गया। उनके द्वारा छात्राओं से सड़क सुरक्षा के विषय से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए। जिसका निर्णय निर्णायक मंडल ने किया। निर्णायक मंडल के अंतर्गत संस्कृत की विभागाध्यक्ष कु मंजू कनौजिया, गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष ऐश्वर्या बहुगुणा तथा एम ए गृह विज्ञान विभाग से डॉक्टर राखी मित्तल रही ।जिसमें प्रथम पुरस्कार मिस्किन बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार भावना प्रथम वर्ष व गरिमा तृतीय वर्ष रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर शिखा त्यागी, डॉक्टर नम्रता शर्मा, डॉक्टर मीनू अग्रवाल, खुशबू त्यागी, गार्गी गुप्ता, ज्योति, डॉ सारिका त्यागी, डॉ गीता त्यागी आदि का योगदान रहा है।

# सीएम योगी का उद्देश्य यूपी की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर पहुंचाना, गौतमबुद्धनगर के तीनों प्राधिकरण में बनेगा लैंड बैंक

वेलकम इंडिया

- यूपी के सात प्रमुख औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्रों में लगभग 42 हजार औद्योगिक इकाइयां संचालित, सर्वेक्षण के आधार पर जानकारी होगी एकत्र
- गौतमबुद्धनगर में लगभग 15 हजार औद्योगिक इकाइयां स्थित
- इन्वेस्ट यूपी की ओर से विशेष किए जा रहे है प्रयास निवेशकों को मिलेगा बेहतर मौका

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और आर्थिक वृद्धि के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण समेत यूपी के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में एक व्यापक सर्वेक्षण शुरू करने का निर्णय लिया है। इस सर्वेक्षण के माध्यम से औद्योगिक भूखंडों और इकाइयों का विस्तृत डाटाबेस तैयार किया जाएगा।

डाटा संग्रह को व्यवस्थित और सटीक बनाने के लिए एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है। सर्वेक्षण एजेंसियां क्षेत्र में दौरे के दौरान इस ऐप का उपयोग वास्तविक समय में जानकारी दर्ज करने के लिए करेंगी। यह प्रक्रिया चार महीने के भीतर पूरी की जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि खाली पड़े औद्योगिक भूखंडों की पहचान कर उन्हें देश-विदेश के निवेशकों को उपलब्ध कराया जाए। इनवेस्ट यूपी की ओर से इस दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। औद्योगिक विकास के लिए तैयार की गई यह रिपोर्ट न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देगी, बल्कि नई औद्योगिक




इकाइयों के लिए निवेशकों को आकर्षित करने में सहायक होगी। योगी आदित्यनाथ सरकार का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाना है, जिससे भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था लक्ष्य में राज्य की भूमिका महत्वपूर्ण हो। विनिर्माण और औद्योगिक विकास को राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार बनाकर सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा मैजिक शो का प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मैजिक शो का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी, विद्यालय, में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कराते रहते हैं। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा हमारे शिक्षण संस्थान में वैज्ञानिक मौलिक शो के माध्यम से बच्चों को ,शिक्षाप्रद मैजिक शो दिखाना रहा। इस संस्था का उद्देश्य, बच्चों में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना, बड़ों का सम्मान करना ,राष्ट्रवादी सोच का विकास करना आदि विभिन्न प्रकार की नई चेतना का विकास करना है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने भी इस मैजिक शो मे पूर्ण आनंद लिया ।विद्यालय के प्रबंधक श्री विनोद कुमार माहेश्वरी जी ने, इस संस्था के प्रमुख वी० के० सम्राट 14000/- का चेक सोपा।

# उद्योगपति के घर लाखों की डकैती मामले में पुलिस को मिले अहम सुराग, जल्द होगा खुलासा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कविनगर की कोठी ए-101 में डकैती की वारदात को अंजाम देने पहुंचे लुटेरों के पास कदम- कदम की जानकारी थी। उन्हें पूरी जानकारी थी कि कहां कैश मिलेगा और कहां ज्वैलरी। उद्योगपति के घर वारदात को अंजाम देने के लिए जानबूझकर ऐसा समय चुना गया था जब बुजुर्ग दंपति घर में अकेले थे। कारोबार संभाल रहा आरडी गुप्ता गुप्ता को बेटा गौरव गुप्ता दोनों बेटियों के साथ बाहर था। गौरव गुप्ता के दो बेटियां हैं, एक विदेश में रहती है और दूसरी अजमेर में पढ़ती है। सर्दी की छुट्टियों में दोनों बेटियां गाजियाबाद आई हुई थीं और अपने पिता के साथ गोवा घूमने गई थीं। घरेलू नौकर चंदन ने इसे अच्छा मौका मानते हुए मंगलवार शाम वारदात को अंजाम दिलाया। लुटेरों ने आरडी गुप्ता और गेट पर तैनात गार्ड विष्णु से मोबाइल भी लूटा था लेकिन अपने साथ ले जाने के बजाय उनके घर में ही छिपाकर चले गए। गार्ड विष्णु और घरेलू नौकर चंदन, दोनों बिहार के सुपौल के निवासी हैं। वारदात की जानकारी होने पर पड़ोसी ने फोन करके पुलिस को वारदात की जानकारी दी थी। पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि लुटेरों की संख्या चार से पांच रही होगी।

# गाना बनाकर प्रसिद्ध होने के लिए की थी चोरी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सोशल मीडिया का नशा इन दिनों लोगों के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। इसके चक्कर में कुछ लोग क्राइम करने से भी नहीं चूकते हैं। गाजियाबाद के खोड़ा निवासी एक शख्स ने यूट्यूब पर फेमस होने के चक्कर में पैसों से भरा बैग उड़ा दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की तो उसे पैसों सहित गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में उसने जो बताया वो हैरान करने वाला था। आरोपी का नाम जॉनी प्रजापति है। वह गाजियाबाद के खोड़ा में रहता है। जॉनी को यूट्यूब पर गाने बनाने का शौक भी है। वह पहले भी एक गाना बना चुका है। हालांकि वो इसके अलावा हिताची कंपनी में बतौर कस्टोडियन काम भी करता था। पैसों की तंगी के चलते वो यूट्यूब पर काम नहीं कर पा रहा था, मगर उसे फेमस होना था। इसके लिए उसने चोरी का रास्ता अपनाया कंपनी में काम करने के दौरान 10 लाख रुपयों से भरा हुआ बैग लेकर फरार हो गया। हिताची कंपनी में बतौर कस्टोडियन काम करने वाले जॉनी की जिम्मेदारी बैंकों से कैश को सुरक्षित लाने ले जाने की थी। पिछले दिनों सेक्टर-2 स्थित बैंक के एटीएम में कैश अनलोड करने के दौरान जॉनी दस लाख रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गया था। इसके बाद पुलिस को जानकारी लगी तो जॉनी की खोजबीन शुरू हुई। गुरुवार को पुलिस ने जॉनी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में जॉनी ने पुलिस को बताया कि उसे गाने बनाकर यूट्यूब पर अपलोड करने का भी शौक है। पूर्व में एक गाना भी बना चुका है। उसने गाना बनाकर प्रसिद्ध होने के लिए कैश चोरी किया था।

# साइबर फ्रॉड करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, फ्रॉड के लिए परिचितों के खातों का करते थे इस्तेमाल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मधुबन- बापूधाम थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर फ्रॉड महाराष्ट्र में हुआ था। महाराष्ट्र पुलिस ने साइबर फ्रॉड का पैसा आने पर संजय नगर सेक्टर- 23 निवासी लक्ष्य शर्मा पुत्र संदीप शर्मा का बैंक खाता सीज कराया तो मामले का खुलासा हुआ है। लक्ष्य शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि परिचित अक्षित वर्मा ने उनसे सोने का व्यापार करने के लिए बैंक खाते की जरूरत बताई थी। लक्ष्य ने अपना और अपनी मां का खाता इस्तेमाल करने के लिए अक्षित को दिया था। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि नितिन नेगी ने भी पुलिस को सूचना दी है कि अक्षित ने नए व्यापार के नाम उसका खाता भी इस्तेमाल किया था। ये तीनों खाते साइबर फ्रॉड में इस्तेमाल होने के कारण महाराष्ट्र पुलिस ने सीज करा दिए तो खाता धारकों को उनके बैंक खाते का दुरुपयोग किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई। लक्ष्य और उसकी मां के खाते में 15 लाख और नितिन नेगी के खाते एक लाख रुपये आए थे, जो खाताधारकों ने निकालकर अक्षित वर्मा को दे दिए थे। लक्ष्य शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने अक्षित के दो साथियों को गुरुवार को मननधाम फाटक के पास मैनापुर रोड के पास से गिरफ्तार किया है। कवि नगर एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि छानबीन में जुटी मधुबन बापूधाम थाना पुलिस को पता कि लक्षित चार अन्य के साथ मिलकर साइबर फ्रॉड करता है और फ्रॉड के पैसे परिचितों को खाते में मंगाता है। पुलिस ने अक्षित के दो साथियों संजयनगर सेक्टर-23 निवासी साईं वैभव और राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी सोसायटी निवासी निशांत त्यागी पुत्र गिरीश त्यागी को गिरफ्तार किया है।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने साईं वैभव और निशांत त्यागी के कब्जे से फ्रॉड से जुटाए गए 24 लाख, 35 हजार रुपए, एक अवैध पिस्टल ब्रेटा, कारतूस, चाकू, एक लैपटॉप (मेक-बुक एयर), एक मोबाइल टैब रेडमी व चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

# करोड़ों रुपए की भूमि को पालिका ने कब्जा मुक्त कराया




वेलकम इंडिया

- साथ ही चेताया कि यदि भूमि पर फिर कब्जे का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध भूमाफिया के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

**मोदीनगर।** मोदीनगर पालिका के अधीन ग्राम कादराबाद में दबंगो की ओर से करोडों रुपए कीमत की कब्जा की गयी भूमि को सचल दस्ते ने पहुंचकर कब्जा हटवाया ओर उस पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया।

साथ ही चेताया कि यदि भूमि पर फिर कब्जे का प्रयास किया तो उसके विरूद्ध भूमाफिया के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के समक्ष शिकायत आई थी कि गांव कादराबाद के दो बीघे की भूमि है, उस पर दबंग कब्जा कर रहे हैं। पालिका के कर अधीक्षक उमेश चंद आनंद, राजस्व निरीक्षक अंकित चौधरी के नेतृत्व में टीम उक्त स्थल पर पहुंची ओर भूमि को कब्जा मुक्त कराया, इसके बाद भूमि पर चेतावनी बोर्ड लगाया गया कि यह पालिका की सरकारी भूमि है। ईओ नरेंद्र मोहन ने बताया कि उक्त कीमती भूमि की पालिका की ओर से तारबंदी करायी जायेगी, फिर भूमि पर किसी ने अवैध निर्माण करने की कोशिश की तो उसके विरूद्ध भू माफिया के तहत कार्यवाही के लिये जिला प्रशासन को लिखा जायेगा। भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कार्यवाही के दौरान टीम के साथ सम्पत्ति लिपिक संदीप कुमार ,लेखपाल रविरतन भारती आदि थे।

# महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में बनाया जाएगा 100 बेड का आवासीय खेल क्रीड़ा छात्रावास




वेलकम इंडिया

■ छात्रावास बन जाने के बाद यहां पर खिलाडियों के लिए रहने एवं खाने की बेहतर सुविधाएं होंगी।

**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में आवासीय खेल क्रीड़ा छात्रावास बनेगा। जिला खेल विभाग ने 100 बेड का आवासीय खेल छात्रावास स्टेडियम में बनाने का प्रस्ताव शासन के पास भेजा था, जिसे स्वीकृति मिली गई है। इससे खिलाडियों का मनोबल भी बढ़ेगा।

जिले में करीब 12 एकड़ में महामाया स्टेडियम बना हुआ है। स्टेडियम में फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट एवं कई खेलों के मैदान बने हुए हैं। जहां रोजाना बड़ी संख्या में खिलाड़ी अभ्यास करने आते हैं। इनमें कई खिलाड़ी ऐसे भी हैं जो मेरठ, हापुड़ जनपद से यहां अपने खेल का अभ्यास करने के लिए रोजाना आते हैं। जिला खेल विभाग ने स्टेडियम में खेल सुविधाओं में बढ़ोतरी करने को लेकर महामाया स्टेडियम में 100 बेड का आवासीय खेल क्रीड़ा छात्रावास बनाने का एक प्रस्ताव शासन के पास भेजा था, जिसे स्वीकृति मिल गई है। जिला उप खेल क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि स्टेडियम परिसर में इसकी जगह चिन्हित की जा चुकी है। उम्मीद है कि आने वाले समय में जल्द इसका कार्य शुरू होगा। आवासीय खेल क्रीड़ा छात्रावास बनने के बाद इसका सबसे ज्यादा लाभ उन्हें मिलेगा जो अन्य जिलों से प्रशिक्षण लेने के लिए रोजाना स्टेडियम आते हैं। ऐसे खिलाड़ी आवासीय खेल क्रीड़ा छात्रावास में रहने के लिए आवासीय छात्रावास के लिए आयोजित ट्रायल में भाग लेकर इसमें सफल होकर अपनी जगह सुनिश्चित कर सकेंगे।

# क्राइम ब्रांच की टीम ने दबोचा 25 हजार इनामी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोबाइल टावरों के उपकरण चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 25 हजार के इनामी कबाड़ी को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी दिल्ली एनसीआर क्षेत्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब व मध्यप्रदेश में जियो व एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावरों से आरआर यूनिट, बैट्री व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चोरी कर उन्हें विदेशों में बेचता था।

जिसके कब्जे से 15 लाख रुपये का माल बरामद किया है। लोहिया नगर स्थित अपने कार्यालय में गुरुवार को मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चुराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी और थाना वेव सिटी पुलिस की संयुक्त टीम ने गाजियाबाद, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब व मध्यप्रदेश में जियो व एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावरों से आरआर यूनिट, बैट्री व अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चोरी कर उसे महंगे दामों में विदेश में बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सक्रिय सदस्य और थाना वेव सिटी से फरार 25 हजार इनामी इरशाद पुत्र इकरामुद्दीन निवासी मंदिर वाली गली रसीद नगर मेरठ को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से मोबाइल टावरों से चोरी 2 रेडियो रिसीवर यूनिट बरामद किया गया। जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपये है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए डीसीपी ग्रामीण द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उन्होंने बताया आरोपी 8वीं पास करने के बाद पढाई छोड दी और कबाड का काम करना शुरू कर दिया। पहले 5-6 साल दिल्ली में फेरी करके कबाड लेता था और मुस्तफाबाद मे बेच देता था, बाद में दिल्ली छोडकर जाकिर कालोनी मेरठ में गोदाम बनाकर मेरठ व उसके आस-पास फेरी करके कबाड की दुकानों से कबाड लेने व बेचने का काम करने लगा। वही पर जाकिर कालोनी में ही इरशाद की मुलाकात वसीम मलिक से हुई जिसने उसे मोबाइल टावरों के आरआरयू व अन्य उपकरणों के बारे बताया। इन चोरी के उपकरणों के खरीदने बेचने में लाखों का मुनाफा होता है।

# सीबीआई को मिले 57 उप निरीक्षक

वेलकम इंडिया



■ बिना किसी शक, बेदाग आचरण के साथ 24&7 पुलिस अधिकारी के रूप में करें काम: प्रवीण सूद

**गाजियाबाद।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के 57 उप-निरीक्षकों (29वें बैच) की पासिंग आउट परेड गुरुवार को सीबीआई अकादमी में आयोजित की गई। इस समारोह में सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद मुख्य अतिथि रहे।

निदेशक सीबीआई प्रवीण सूद ने युवा अधिकारियों एवं उनके परिवारों को सीबीआई अकादमी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए बधाई दी, जिसमें आधुनिक एवं नए युग के जांच उपकरणों सहित जांच के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया, ताकि वे भविष्य के लिए तैयार रहें। उन्होंने युवा अधिकारियों के कौशल को निखारने की दिशा में कड़ी मेहनत करने के लिए सीबीआई अकादमी के अधिकारियों व कर्मियों की भी सराहना की। अधिकारियों के समूह का उल्लेख करते हुए, श्री सूद ने संतोष व्यक्त किया कि इस बैच में महिला अधिकारियों की संख्या सबसे अधिक में से है। श्री सूद ने कहा कि सीबीआई में मंत्रालयीय कार्मिक के रूप में कार्य करने से लेकर अब पुलिस अधिकारी के रूप में पात्रता प्राप्त करने तक, इन अधिकारियों में एक बड़ा बदलाव आया है। ज्ञान की सदैव चाह रखने का आह्वान करते हुए, निदेशक सीबीआई प्रवीण सूद ने उनसे कहा कि ज्ञान एवं कौशल-उन्नयन की खोज में अपने वरिष्ठों से सवाल पूछने में कभी संकोच न करें। निदेशक सीबीआई प्रवीण सूद ने अधिकारियों से उद्यमिता, निष्पक्षता एवं सत्यनिष्ठा के सीबीआई मोटो से प्रेरणा लेते हुए अनुशासन के उच्च मानकों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे बिना किसी शक, बेदाग आचरण के साथ 24&7 पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य करें। सीबीआई, किसी भी तरह की चूक के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है एवं इस बात पर जोर दिया कि किसी को लाभ अथवा हानि पहुंचाने के लिए की गई गलती को माफ नहीं किया जाता है। श्री सूद ने परिवारों से अपने अधिकारियों का समर्थन करने का भी आह्वान किया, जिन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए बड़े बलिदान देने होंगे। लिमिटेड डिपार्टमेन्टल कॉम्पिटीटिव एग्जामिनेशन उत्तीर्ण करने के पश्चात, 18 जून 2024 को अपने बुनियादी प्रशिक्षण के लिए सीबीआई अकादमी में शामिल हुए उप-निरीक्षकों का 29वां बैच गुरुवार को पास आउट हुआ। निदेशक सीबीआई ने पासिंग आउट समारोह की अध्यक्षता की। इस बैच में 57 अधिकारी शामिल हैं, जिनमें विविध शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले कार्मिक शामिल हैं। इसमें से 25 बीए, 8 बी.कॉम, 12 बीएससी, 2 बी.टेक, 1 बीसीए, 8 एमए एवं 1 एम.कॉम डिग्रीधारक है। अपने संस्थागत प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, अधिकारी अब सीबीआई की विभिन्न शाखाओं में शामिल होने के लिए तैयार हैं, जिससे एजेंसी के कार्यबल को मजबूती मिलेगी और कानून को बनाए रखने की प्रतिबद्धता बढ़ेगी। यह समारोह देश की प्रमुख जांच एजेंसी के साथ उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। समारोह के दौरान, सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद ने विजेता प्रशिक्षु अधिकारियों को पदक एवं ट्रॉफी वितरित की। श्री प्रदीप कुमार को सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड एसआई प्रशिक्षु हेतु डीपी कोहली ट्रॉफी एवं इनडोर अध्ययन के लिए डीसीबीआई ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। दिव्या त्रिवेदी को साइबर अपराध जांच के लिए ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जबकि के.एस. मेघा को समर्पण एवं अनुकरणीय आचरण के लिए सीबीआई अकादमी ट्रॉफी और सिया राम मीना को सर्वश्रेष्ठ आउटडोर के लिए जॉन लोबो ट्रॉफी मिली। समारोह में सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों में श्री एन वेणुगोपाल, अपर निदेशक मनोज शशिधर, अपर निदेशक एवाईवी कृष्णा, अपर निदेशक; डॉ. पद्मिनी सिंह, अभियोजन निदेशक अन्य विभागों एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी सम्मिलित हुए।

# भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा विकास भवन में लगाया गया दिव्यांग प्रेरणा पट्ट, डीएम ने किया अनावरण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिव्यांगजन के प्रति संवेदनशील जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा संस्थान के सहयोग से दिव्यांगजन को समर्पित दिव्यांग प्रेरणा पट्ट समय वृक्ष पर दिव्यांग धरोहर का विकास भवन में अनावरण किया गया। इसपर आदिकाल के ऋषि अष्टावक्र और सूरदास से लेकर मानस मर्मज्ञ रामभद्राचार्य और आईएएस सुहास एल वाई तक विश्व के महान दिव्यांगजन की उपलब्धियों को संदर्भित किया गया। यह दिव्यांग प्रेरणा पट्ट विकास भवन में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय में लगाया गया। जिसका उद्देश्य आमजन को दिव्यांगों के प्रति जागरूक करना एवं स्वयं दिव्यांगजन को समाज की मुख्यधारा में शामिल होने एवं सभी के कंधे से कन्धा मिलाकर प्रगति करने के लिए प्रेरित करना है। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला दिव्यांग जनशक्तिकरण अधिकारी सुधीर त्यागी, भागीरथ सेवा संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी में दिव्यांग प्रेरणा पट्ट समय वृक्ष पर दिव्यांग धरोहर का रिबन काटकर अनावरण किया।

इस अवसर पर अमिताभ सुकुल, निदेशक, भागीरथ सेवा संस्थान ने जिलाधिकारी को संस्थान द्वारा 49 वर्षों से किए जा रहे जनहित के कार्यों से अवगत कराया। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने संस्थान द्वारा दिव्यांगजन, वृद्धजनों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# गाजियाबाद देश का दुसरा सबसे प्रदूषित शहर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा जारी किए गए आज के आंकड़े के अनुसार सबसे ज्यादा एक्यूआई वाले अन्य शहर ये हैं।

श्री गंगानगर में 250, नोएडा में 259, बद्दी में 276, चंडीगढ़ में 302, बिरनीहाट में 303, दिल्ली में 357, गाजियाबाद में 332। सीपीसीबी ये आंकड़े रोजाना चार बजे जारी करता है।

शहर में बुधवार को हवा चलने के साथ ही तेज धूप भी खिली थी, जिस कारण एक्यूआई मध्यम श्रेणी में चला गया था। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन गुरुवार को सुबह से ही घना कोहरा छाया था। वहीं हवा न चलने के कारण स्मॉग का स्तर बढ़ता गया। गुरुवार तड़के से बढ़ रहा प्रदूषण का स्तर दिन में भी नहीं घटा और शाम चार बजे गाजियाबाद देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर हो गया। चार दिन बाद वायु की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंची, जबकि इंदिरापुरम लगातार सर्वाधिक प्रदूषित शहर बना हुआ है। यहां का एक्यूआई 400 के करीब पहुंच गया है। जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच जाएगा। प्रदूषण का स्तर बढे से ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदी किसी भी समय लागू हो सकती हैं। बाकी अन्य चार स्टेशनों की बात करें तो इंदिरापुरम में एक्यूआई 384, लोनी में 329, संजय नगर में 285 और वसुंधरा में 332 दर्ज किया गया। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि कोहरे के चलते स्मॉग बढ़ गया है, जिस कारण वायु गुणवत्ता खराब हुई है।

# पीड़ित परिवार से लोनी विधायक ने की मुलाकात, पुलिस की सुरक्षा पर उठाए सवाल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** योगी जी की सरकार के लॉ एंड ऑर्डर का केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं पूरी दुनिया में इकबाल है, ऑस्ट्रेलिया में, अमेरिका में लोग योगी जी के लॉ एंड ऑर्डर का उदाहरण देते हैं, लेकिन जिलाधिकारी और कमिश्नर के पड़ोस में डकैती जैसी घटना ये बताती है कि कहीं ना कहीं अपराधियों का हौंसला बुलंद है। आज ही अपराधी नहीं पकड़े गए तो हम कल मुख्यमंत्री जी मिलेंगे।

उक्त बातें गुरुवार को कविनगर थाना क्षेत्र स्थित कवि नगर ए ब्लॉक में रहने वाले नामचीन उद्योगपति आरडी गुप्ता के घर में बुधवार को हुई डकैती में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहीं। इससे पहले उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि एक साल पहले तक यहां ताले लगाने की जरूरत नहीं थी, और यह स्थिति हो गई। इतना ही नहीं उन्होंने एक बार फिर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश और गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर को निशाने पर लिया और कहा कि लॉ एंड ऑर्डर के मुखिया मुख्य सचिव को गाजियाबाद आना चाहिए। लोनी विधायक ने चुटकी ली कि पुलिस कमिश्नर का कद तो बहुत बड़ा है, वह घटना स्थल पर ना आए हैं और न ही आएंगे। उन्होंने कहा कि गुप्ता जी का परिवार हमारा अपना परिवार है। विधायक ने सुमित्रा गुप्ता को अपनी बुआ बताते हुए कहा कि भगवान महादेव और महा मायी की कृपा रही कि हमारी बुआ और गुप्ता जी सुरक्षित हैं। इन्हें ईश्वर ने बचा लिया। गाजियाबाद के हालातों पर हम मुख्यमंत्री जी से बात करेंगे। कमिश्नर के पड़ोस में भी डकैती पड़ी है, ये कोई छीना झपटी या चोरी नहीं है। पुलिस मामले का खुलासा करती है, माल भी बरामद करती लेकिन कैसे करती हैं सब जानते हैं। इस जगह पर डकैती की वारदात होना होना लॉ एंड ऑर्डर पर बड़ा सवाल है। इस घटना के बाद लखनऊ में पुलिस के अधिकारी समझेंगे कि गाजियाबाद में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से फेल है। गाजियाबाद पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व देता है।

# शिवम चौधरी को नम आंखों के साथ दी श्रृद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी के स्वर्गीय ब्रदर इन लॉ (साले) के पुत्र शिवम चौधरी सदरपुर , जो मात्र 25 वर्ष के थे, का 2 जनवरी 2025 को रात्रि में असामयिक निधन हो गया।

यह हृदयविदारक घटना न केवल उनके परिवार, बल्कि उन्हें जानने वाले सभी लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है। शिवम चौधरी के छोटे भाई सत्यम चौधरी ने हवन पूजन कर अपने भाई को श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। श्रृद्धांजलि के दौरान सभी सगे संबंधियों सहित टेम पाल, मदन पाल, सुरेन्द्र, सतपाल, जगपाल,प्रदीप चौधरी, जयवीर , ओमपाल, सुभाष, टीटू महेश, जस्सी, सतेन्द्र, भूपेंद्र, घनश्याम, रिंकू, पिंटू, राहुल, अंकित, राज, अभय, बल देव, कार्तिक, वैभव, हर्ष, कार्तिक, कैप्टन नरेन्द्र मलिक, सुरेन्द्र सिंह, यशपाल, सुंदर, देशांक, इशांक, मोहित, अनिकेत, बोबल, प्रमोद, विनोद, धर्मपाल, ब्रह्मपाल, राजा, पिंकू, प्रेम सिंह, मुकेश, मनीष, सुमित, आकाश, लवीश, जितेंद्र आदि ने श्रृद्धांजलि दी। शिवम की स्मृतियां परिवार और उनके प्रियजनों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस अपार दुख को सहन करने का धैर्य प्रदान करें।

# महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्रों का वितरण और जमा प्रक्रिया संपन्न हुई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में आज महानगर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन पत्रों का वितरण और जमा प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यकताओं ने अपने आवेदन पत्र को प्रस्तावक, समर्थक और दो बार की सक्रियता का विवरण भरने के बाद प्रदेश सह चुनाव अधिकारी अनिल चौधरी और महानगर चुनाव अधिकारी सिद्धार्थ नाथ सिंह को सौंपा। महानगर अध्यक्ष पद के लिए 63 कार्यकताओं ने आवेदन पत्र लिए और जमा किए । कार्यालय में कार्यकताओं और नेताओं की भारी भीड़ देखी गई, जहां हर कोई महानगर अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत करने में जुटा हुआ था।




## नाम परिवर्तन

मैं रेनु कुमार पत्नी श्री राजेश कुमार निवासी–92, दरियाबाग प्रयागराज उ0प्र0 211003 मैंने अपने सभी उद्देश्य के लिए अपना नाम बदल कर रेनु हीला (Renu Hela) रख लिया है। भविष्य में मुझे रेनु हीला (Renu Hela) के नाम से जाना जाये।

## नाम परिवर्तन

मैं राजेश कुमार पुत्र श्री श्याम लाल निवासी–92, दरियाबाग प्रयागराज उ0प्र0 211003 मैंने अपने सभी उद्देश्य के लिए अपना नाम बदल कर राजेश कुमार (Rajesh Kumar Hella) रख लिया है। भविष्य मुझे राजेश कुमार (Rajesh Kumar Hella) के नाम से जाना जाये।